दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 218 जयपुर, मंगलवार, 18 जुलाई, 2023 | श्रावण, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**बीजेपी से मुकाबले के लिए विपक्षी एकता:** बेंगलुरु में भाजपा के खिलाफ रणनीति पर विपक्ष के दिग्गजों का मंथन

## जुटे 26 विपक्षी दलों के नेता... चर्चा हुई, आज होंगे अहम निर्णय

**एजेंसी** | बेंगलुरु

अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए गठबंधन के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने और न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करने को लेकर सोमवार को विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन आरंभिक चर्चा गई।

शहर के एक फाइव स्टार होटल में विपक्षी नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। तमाम विपक्षी नेता मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति पर औपचारिक तथा विधिवत रूप से चर्चा करेंगे।

### एनडीए की भी बैठक आज, नड्डा का विपक्ष पर कटाक्ष



पहले दिन हुई चर्चा में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार, द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव सहित कुछ अन्य नेता शामिल हुए। शरद पवार मंगलवार को बैठक में शरीक होंगे।

### अच्छी शुरुआत तो आधी मंजिल तय: खरगे

विपक्षी दलों के दो दिवसीय बैठक में पहले दिन प्रारंभिक चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, "अच्छी शुरुआत तो आधी मंजिल तय ! समान विचारधारा वाले विपक्षी दल सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और राष्ट्रीय कल्याण के एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम भारत के लोगों को नफरत, विभाजन, आर्थिक असमानता और लूट की निरंकुश और जनविरोधी राजनीति से मुक्त करना चाहते हैं। हम ऐसा भारत चाहते हैं जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक सिद्धांतों द्वारा शासित हो। हम ऐसा भारत चाहते हैं जो सबसे कमजोर व्यक्ति को आशा और विश्वास दे। इस भारत के लिए हम एकजुट हैं।"

### नड्डा का दावा, एनडीए के साथ 38 दल

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए की बैठक से एक दिन पहले सोमवार को मीडिया के समक्ष एनडीए के साथ 38 दलों का समर्थन होने का दावा किया। नड्डा ने बेंगलुरु में हो रही विपक्ष की बैठक को लेकर कहा कि विपक्ष का ये प्लेटफार्म 'कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा' जैसा है। बेंगलुरु की बैठक पर तंज कसते हुए नड्डा ने कहा कि जहां तक यूपीए का सवाल है, ये भानुमति का कुनबा है।

**जरूरी खबर**

### पुंछ में घुसपैठ की कोशिश करते दो आतंकी ढेर



**पुंछ/जम्मू।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी के पास घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश नाकाम करते हुए सोमवार को दो आतंकियों को मार गिराया। एक रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एक आतंकी के शव को घटनास्थल से बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरा आतंकी गोली लगने के बाद पुंछ नदी में गिर गया। कृष्ण घाटी सेक्टर में 16-17 जुलाई की दरमियानी रात सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने यह संयुक्त अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।

### यात्री का मोबाइल गर्म हुआ, लौटानी पड़ी फ्लाइट



**उदयपुर।** एक यात्री विमान को सोमवार को एक यात्री के मोबाइल फोन चार्जर में खराबी के चलते वापस लौटाना पड़ा। अधिकारी ने बताया कि उदयपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई 470 में करीब एक घंटे की देरी हुई और बाद में यह दिल्ली के लिए रवाना की गई। एक अधिकारी ने कहा कि एक यात्री ने मोबाइल फोन के अत्यधिक गर्म होने की शिकायत की थी। उदयपुर हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने दावा किया कि विमान से धुआं निकलता देखा गया था, जिसके बाद विमान को वापस लौटाया गया। वैसे, इस मामले को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है कि विमान को आखिर क्यों लौटाया गया।

**विधानसभा में जोधपुर रेप मामले की चर्चा आते ही मचा हंगामा**

## गुस्साए देवनानी... दिलावर दौड़े लोढ़ा की तरफ, पूनिया ने रोका

### विपक्ष के 42 विधायकों ने लगाया स्थगन, सरकार ने नहीं दिया जवाब

### लोढ़ा ने जोधपुर रेप मामले में एक संगठन की बात की तो भड़का विपक्ष

**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर में नाबालिग से गैंगरेप मामले में प्रदेश की सियासत गरमा गई। विधानसभा से लेकर सड़क तक इस मामले में विरोध प्रदर्शन और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। छात्र संगठन एनएसयूआई और एबीवीपी ने इस मामले में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन किए। वहीं, विधानसभा में प्रतिपक्ष की तरफ से स्थगन प्रस्ताव के जरिए यह मुद्दा उठाया गया। विधायी कार्यों के दौरान निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने रेप मामले में एबीवीपी के छात्रों के शामिल होने का आरोप लगाया तो हंगामा भी मचा।

लोढ़ा के महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज विधेयक पर बोलते हुए यकायक जोधपुर रेप मामले में एक संगठन पर आरोप लगाया तो नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित भाजपा के अन्य विधायकों ने आपत्ति जताई और आसन के सामने आकर नारेबाजी की। तब सभापति जेपी चंदेलिया ने कहा कि जिस टिप्पणी पर भाजपा के सदस्यों को आपत्ति है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाएगा।

इस दौरान विधायक वासुदेव देवनानी और लोढ़ा के बीच तीखी बहस हो गई। आरोपों पर भड़के देवनानी एक बार तो गुस्से में लोढ़ा की तरफ दौड़ पड़े। देवनानी के साथ भाजपा के विधायक मदन दिलावर भी लोढ़ा की तरफ बढ़े। मामले की नजाकतता को देखते हुए माकपा विधायक बलवान पूनिया देवनानी और दिलावर के सामने आकर खड़े हो गए और उन्हें रोक दिया। इस दौरान तीखी बहस का दौर जारी रहा। मामला बिगड़ता देख आसन पर मौजूद सभापति चंदेलिया ने विधानसभा की कार्यवाही को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। बाद में जब सदन शुरू हुआ तो भी हंगामा होता रहा। सभापति ने लोढ़ा की जगह दूसरे विधायक का नाम पुकारा तब जाकर मामला शांत हुआ। इस तीखी नोकझोंक के बाद भी लोढ़ा और देवनानी सदन के बाहर भी उलझते दिखाई दिए।









### जोधपुर रेप मामले पर बरसे लोढ़ा

विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि जोधपुर में हुए रेप मामले में बीजेपी का कोई नेता नहीं बोल रहा है और बीजेपी सदन में भी नहीं बोली। बीजेपी के विधायक इसलिए नहीं बोले, क्योंकि आरोपी इन्हीं के एक संगठन से हैं।

### विपक्ष ने किया सदन से बहिर्गमन

शून्यकाल में भाजपा के 42 विधायकों की तरफ से बिगड़ी कानून व्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लगाया गया। विस अध्यक्ष जोशी ने इस मामले में नेता प्रतिपक्ष राठौड़ सहित 6 विधायकों को बोलने की अनुमति भी दी। राठौड़ सहित अन्य सदस्यों ने सरकार से जोधपुर की घटना पर वक्तव्य की मांग की, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। बाद में विपक्ष ने इस मुद्दे पर बहिर्गमन कर दिया।

### देवनानी बोले...

देवनानी ने कहा कि लोढ़ा आधारहीन और झूठे आरोप लगाने के आदी हैं और कांग्रेस में अपने नंबर बढ़ाने के लिए इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। आरोप लगाने से पहले कांग्रेस अतीत में एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस को देख लेते।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे पर वज्र प्रहार**

## शांडिल्य के कैफे पर बुलडोजर चला



फोटो: पंकज शर्मा

### अवैध संपत्ति अब निगम के कब्जे में

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट ने सोमवार को आदर्श नगर थाने के हिस्ट्रीशीटर लॉरेंस विश्नोई के गुर्गे आनंद शांडिल्य की अवैध संपत्ति को नगर निगम की सहायता से बुलडोजर चला ध्वस्त कर दिया। एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि ऑपरेशन व्रज प्रहार के तहत डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव व इंस्पेक्टर सज्जन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने राजापार्क निवासी आरोपी शांडिल्य की संपत्तियों की सूची बनाई और अवैध संपत्तियों को चिह्नित करने के बाद रिपोर्ट नगर निगम को भेजी। जहां से जांच होने के बाद सोमवार को उक्त संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर निगम ने कब्जा कर लिया। शांडिल्य अवैध संपत्ति पर कब्जा कर रेस्टोरेंट व कैफे चलवा रहा था। जहां से मिलने वाले पैसे भी आरोपी अवैध कार्यों में लगाता था। शांडिल्य अभी जेल में है।

### 11 आपराधिक मामले हैं दर्ज

हार्डकोर बदमाश शांडिल्य के खिलाफ जयपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग पुलिस थानों में 11 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसने करीब दो साल पहले जयपुर के एक व्यापारी की रेकी करके डिटेल दिल्ली में जेल में बंद गैंगस्टर संपत नेहरा को दी थी, जिसने बाद में व्यापारी को कॉल करके 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। हालांकि, पुलिस ने इस मामले का खुलासा करके जेल से संपत नेहरा, लॉरेंस बिश्नोई व शांडिल्य को गिरफ्तार किया था।




## वंदे भारत ट्रेन के बैटरी बॉक्स में लगी आग

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन की एक बोगी के बैटरी बॉक्स में सोमवार सुबह आग लग गई। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की यह पहली घटना थी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बोगी में 37 यात्री थे और उन्हें तुरंत दूसरी बोगी में स्थानांतरित कर आग पर काबू पा लिया गया और मरम्मत का काम किया गया।

तीन घंटे के बाद ट्रेन आगे की यात्रा पर रवाना हुई। यह ट्रेन सुबह 5:40 बजे भोपाल से रवाना हुई थी। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि कल्हार स्टेशन एसएम ने बोगी के बैटरी बॉक्स से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

**दिनभर बरसे बदरा**

## 9 घंटे में अजमेर व कोटा में 10 सेमी से अधिक बारिश... मौसम खुशगवार

- राज्य में सभी जगह तापमान उतरा... 40 डिग्री से नीचे
- राजधानी में सुबह बरसात, दिनभर उमस और गर्मी ने सताया
- आज आधा दर्जन से अधिक जगह भारी बारिश का अलर्ट


**बेधड़क** | जयपुर

सावन के दूसरे सोमवार को प्रदेशभर में दो दर्जन से अधिक जगहों पर बरसात हुई। सर्वाधिक बारिश कोटा और अजमेर जिले में हुई। हालांकि राजधानी समेत कई जिलों में सुबह हुई बारिश के बाद दिन भर धूप और उमस का शुमार रहा। बारिश के दौरान जहां कई जगह मौसम खुशगवार बना, वहीं जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

राजधानी में सोमवार सुबह तक कई इलाकों में 10 एमएम से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि दिन में उमस रही, वहीं आकाश में बादल भी छाए रहे। इधर बारिश और तापमान में नमी के कारण राज्य की सभी जगहों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

इधर, मौसम केंद्र, जयपुर ने प्रदेश के झालावाड़ और सवाई माधोपुर के अलावा बारां में अतिभारी बारिश का अलर्ट जारी किया। इसके अलावा राजधानी जयपुर के अलावा आधा दर्जन जगहों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

@ जयपुर



### सांगानेर में 41 एमएम बरसा पानी

राजधानी जयपुर में सुबह तक कई इलाकों में 10 एमएम से अधिक बारिश दर्ज की गई। इनमें सर्वाधिक सांगानेर में 41 एमएम के अलावा शहर में 9 एमएम, आमेर में 5 एमएम बारिश दर्ज हुई। जयपुर ग्रामीण में सोमवार सुबह तक सर्वाधिक बारिश चौमूं में 144 एमएम हुई। वहीं, कोटपुतली में 101, जोबनेर में 38 एमएम के अलावा एक दर्जन से अधिक जगहों पर अच्छी बारिश हुई। जयपुर के शहरी इलाकों में रविवार शाम को शुरू हुई बारिश रुक-रुक कर सोमवार सुबह 7 बजे तक होती रही। राजधानी में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार यहां मंगलवार को सामान्य रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की से मध्यम दर्जे की बरसात हो सकती है।

### कोटा में 12 सेमी से अधिक बरसे मेघ

कोटा जिले के सांगोद में 9 घंटे के दौरान 121 एमएम बारिश दर्ज की गई। यहां दिन में हुई भारी बारिश के कारण जहां आमजन को जगह-जगह भरे पानी से निकलने में परेशानी हुई। सोमवार को कोटा जिले की आधा दर्जन जगहों पर अच्छी बरसात हुई, जिनमें कानवास में 30 और लाडपुरा में 20 एमएम बारिश दर्ज हुई। यहां दिन में अधिकतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री कम 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अजमेर में देर रात तक चली वर्षा

अजमेर में सोमवार सुबह से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक- रुककर रात तक चला। इससे शहर के मुख्य रास्तों के अलावा गलियों में पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अजमेर के शहरी इलाकों में 9 घंटे में 100 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री कम 30.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

## जरूरी खबर

### पुनर्वास कॉलोनियों की सड़कों का जीर्णोद्धार जल्द



**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने सोमवार को विधानसभा में बताया है कि बीसलपुर बांध पुनर्वास कॉलोनियों में सड़कों का जल्द जीर्णोद्धार किया जाएगा। देवली-उनियारा विधायक हरीश चन्द्र मीना के प्रश्न के जवाब में मंत्री मालवीय ने बताया कि संसाधनों के अभाव में सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं करवाया जा सका है। बीसलपुर परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वास के लिए देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 51 पुनर्वास कॉलोनियों का निर्माण वर्ष 1988 से 2010 के मध्य कराया गया

### क्रमोन्नत विद्यालयों में 1456 पदों का होगा सृजन

**जयपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के नवक्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संचालन के लिए 1456 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। जिसके तहत वरिष्ठ अध्यापक के 672, अध्यापक लेवल-1 एवं 2 के 224-224 पद, प्रधानाचार्य, कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी के 112-112 पदों पर भर्ती की जाएगी। नए पदों के सृजन से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा अपने नजदीक ही मिल सकेगी।

### अगस्त तक मिलेंगे 787 आयुर्वेद चिकित्सक



**जयपुर।** प्रदेश की जनता को अगस्त माह तक 787 आयुर्वेद चिकित्सक मिलने वाले हैं। आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि चिकित्साधिकारियों के 652 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है। इसके अलावा विभाग ने चिकित्सकों के 135 पदों पर डीपीसी प्रक्रिया पूर्ण कर मंजूरी के लिए वित्त विभाग के पास भेज दी है। इस भर्ती और पदोन्नति के बाद विभाग को 787 चिकित्सक उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भी आयुर्वेद चिकित्सकों के रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। आयुर्वेद राज्यमंत्री ने प्रश्नकाल में विधायक समाराम गरासिया के मूल प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

---

**विधानसभा की कार्यवाही:** सवाल नहीं पूछने देने पर राठौड़ की स्पीकर से हुई तकरार

# भाजपा का प्रश्नकाल में वॉकआउट तो अध्यक्ष ने पूछे सवाल

**बेधड़क** | जयपुर





विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के बीच तीखी बहस हो गई। बहस के दौरान राठौड़ की तरफ से स्पीकर की व्यवस्था पर सवाल उठाने से नाराज जोशी बेहद खफा नजर आए।

वहीं राठौड़ को नहीं बोलने देने से नाराज प्रतिपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और बाद में प्रश्नकाल का बॉयकाट करके चले गए। बाद में स्पीकर ने भाजपा सदस्यों की तरफ से खुद ने मंत्रियों से सवाल पूछे और उन्हें निर्देशित भी किया। करीब चालीस मिनट तक प्रश्नकाल की कार्यवाही ऐसे ही चली।

इस दौरान जल संसाधान मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, उपनिवेश मंत्री सालेह मोहम्मद भी स्पीकर के सवालों से हैरान नजर आए। गौरतलब है कि प्रश्नकाल के दौरान विधायक चंद्रकांता मेघवाल के खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों से जुड़े एक सवाल पर जब नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने पूरक प्रश्न पूछना चाहा तो विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी ने इसे 'अप्रासंगिक' बताते हुए अनुमति नहीं दी। इस पर राठौड़ ने आपत्ति जताई। भाजपा के कई और विधायक बोलने लगे तो सभापति ने कहा कि यह उनका विशेषाधिकार है। इसके बाद भाजपा विधायक आसन के सामने आकर नारेबाजी करने लगे और थोड़ी देर बाद सदन से बहिर्गमन कर गए।

### आवेदनों पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि केशोरायपाटन में खाद्य सुरक्षा के आवेदनों पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम खाद्य सुरक्षा की सूची से हटाया नहीं गया है। विभाग द्वारा जांच में अपात्र पाए गए व्यक्तियों के नाम सूची में से हटाने के कारण परिवारों तथा व्यक्तियों की संख्या में कमी आई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि नियम विरूद्ध नाम जुड़वाकर योजना का लाभ लेने वालों से वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है। खाद्य सुरक्षा में लम्बित अपीलों के निस्तारण के लिए विभाग द्वारा जांच प्रक्रियाधीन है।

### प्रश्नकाल में सभी प्रश्नों पर चर्चा

प्रश्नकाल में सभी तारांकित प्रश्नों पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष जोशी ने प्रश्नकाल के निर्धारित समय में सभी प्रश्नों पर चर्चा कराई। सीपी जोशी की इस पहल से प्रश्नकाल की देश की विधानसभाओं में राजस्थान विधान सभा की अनूठी पहचान बनी है। पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के अष्टम सत्र में जोशी ने प्रश्नकाल में सभी तारांकित प्रश्नों पर सदन में चर्चा कराने के लिए नई व्यवस्थाएं की। प्रश्नकाल के दौरान सदन में मौजूद नहीं होने वाले पक्ष और प्रतिपक्ष के विधायकों के तारांकित प्रश्न भी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी ने समय और स्थिति के अनुसार स्वयं किए। विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र में 15,17 व 28 फरवरी और 1,2,3 व 15 मार्च को प्रश्नकाल में निर्धारित प्रश्न सूची के सभी प्रश्नों पर सदन में चर्चा हुई।

---

**विधानसभा में ध्वनिमत से** पारित हुए तीन विधेयक

# विश्वविद्यालयों के 2008 से पहले के अस्थाई शिक्षक होंगे नियमित

- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीकी के तैयार होंगे विशेषज्ञ
- नई साइबर और वित्तीय प्रौद्योगिकी एजुकेशन का हब बनेगा प्रदेश

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में तीन विधेयकों पर चर्चा के बाद सोमवार को इन्हें ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसमें राजस्थान विश्वविद्यालयों के अध्यापक (अस्थाई अध्यापकों का आमेलन, संशोधन) विधेयक, राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक और महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशियल साइंसेज विधेयक शामिल हैं।

जिन्हें सदन में पारित किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालयों के अध्यापक (अस्थाई अध्यापकों का आमेलन, संशोधन) विधेयक–2023 के माध्यम से स्क्रीनिंग कर पात्र अस्थाई अध्यापकों को नियमित किया जा सकेगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इससे पहले वर्ष 2008 में राजस्थान विश्वविद्यालयों के अध्यापक (अस्थाई अध्यापकों का आमेलन) अध्यादेश लाया गया था। बाद में इसे अध्यादेश का प्रतिस्थापक विधेयक विधानसभा में पारित कराया गया। इस अध्यादेश एवं अधिनियम के तहत विश्वविद्यालयों में अस्थाई रूप से कार्यरत 300 से अधिक शिक्षकों को स्थाई किया गया था, लेकिन साल 2008 से पहले विश्वविद्यालय में कार्यरत कुछ अस्थाई शिक्षक/योग प्रशिक्षक कवर होने से रह गए थे। इसके लिए यह संशोधन विधेयक लाया गया है।



### राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान पर चर्चा

शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि जोधपुर में स्थापित किया जा रहा राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय मानक स्थापित करेगा। वित्तीय प्रौद्योगिकी वर्तमान में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहे सेक्टर्स में से एक है। राज्य के युवाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए इस संस्थान की स्थापना की जा रही है। यह संस्थान डिजिटल स्टेट यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित होगा। विधान सभा में राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक-2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री कल्ला ने कहा कि यह संस्थान डिजिटल वर्ल्ड में एक नई क्रांति साबित होगा। इससे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ तैयार होंगे। सरकार ने इसके लिए 672.45 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। इसके लिए 97 बीघा भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस संस्थान में यूजीसी और एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त डिप्लोमा, डिग्री कोर्सेज उपलब्ध हो सकेंगे।

### टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल साइंसेज की तर्ज पर बनेगा महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव ने कहा कि महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशियल साइंसेज उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के माध्यम से एक बेहतर विश्व बनाएगा। यादव ने विधान सभा में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशियल साइंसेज विधेयक–2023 पर चर्चा का जवाब देने दौरान यह बात कही। यादव ने कहा कि टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल साइंसेज की तर्ज पर स्थापित होने वाला यह संस्थान राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से कार्य करेगा। इस सम्बन्ध में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियल साइंसेज व अजीज प्रेमजी फाउंडेशन के साथ एमओयू किया गया है। संस्थान का निर्माण जेएलएन मार्ग स्थित एजुकेशन हब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जा रहे परिसर में किया जा रहा हैं। इन कार्यों के लिए 355.83 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशियल साइंसेज और राजकीय महाविद्यालय के लिए 233 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जिसमें से 180 करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं। संस्थान का निर्माण 21 अक्टूबर, 2022 को शुरू हुआ था जो 31 मार्च, 2024 तक पूरा होगा।

---

**25 आरपीएस अफसरों के तबादले**

# जयपुर डिस्कॉम अति. पुलिस अधीक्षक बने रघुवीर सैनी



- हरिप्रसाद सोमानी को जयपुर ग्रामीण एडि.एसपी का दिया चार्ज

**बेधड़क** | जयपुर

गृह विभाग ने सोमवार को एक आदेश जारी करते हुए 25 एडिशनल एसपी के तबादले किए हैं। जिसके अनुसार हरिप्रसाद सोमानी अब जयपुर ग्रामीण एडि.एसपी होंगे। वहीं 4 दिन पहले ही अति. पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण के पद पर लगाए गए रघुवीर सैनी का फिर तबादला कर दिया गया हैं। रघुवीर सैनी को जयपुर डिस्कॉम में अति. पुलिस अधीक्षक का चार्ज सौंपा गया है।

गृह विभाग ने इससे पहले की सूची में किए गए पांच आरपीएस अधिकारियों के तबादले भी निरस्त किए हैं। यह आदेश सुयक्त शासन सचिव गृह (पुलिस) जगवीर सिंह ने जारी किए हैं। नए आदेशानुसार प्रवीण कुमार जैन अति. पुलिस अधीक्षक सीआईडी जोन कोटा, श्रीमन लाल मीना अति. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कोटा शहर, नीरज पाठक एडीसीपी लाइसेसिंग आयुक्तालय जयपुर, विजय सिंह मीणा अति. पुलिस अधीक्षक एसीबी जयपुर, सरिता सिंह एडीसीपी दक्षिण मुख्यालय जयपुर आयुक्तालय, आलोक कुमार सिंघल अति. पुलिस अधीक्षक राज्य विशेष शाखा मुख्यालय जयपुर, नरेन्द्र प्रताप सिंह अति. पुलिस अधीक्षक एटीएस अजमेर, महेन्द्र कुमार पारीक अति. पुलिस एटीएस उदयपुर, शम्भू सिंह डिप्टी कमांडेंट प्रथम बटा. आरएसी जोधपुर, चैन सिंह महेचा अति. पुलिस अधीक्षक एचसीएमयू, सीआईडीसीबी जोधपुर, जयनारायण मीणा एडीसीपी यातायात जोधपुर आयुक्तालय, प्रकाश कुमार शर्मा अति. पुलिस अधीक्षक एसओजी जयपुर, भोपाल सिंह लखावत अति. पुलिस अधीक्षक एटीएस कोटा, दिनेश कुमार यादव एडीसीपी उत्तर मुख्यालय आयुक्तालय जयपुर, नीलकमल मीणा अति. पुलिस अधीक्षक स्पेशल टॉस्क फोर्स एसओजी जयपुर, नरेन्द्र सिंह मीणा अति. पुलिस अधीक्षक एसओजी नई दिल्ली, जनेश सिंह एडीसीपी अभय कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर आयुक्तालय जयपुर, सौरभ तिवाड़ी अति. पुलिस अधीक्षक फलौदी जोधपुर, पूनम चंद विश्नोई एडीसीपी महिला अपराध अनुसंधान ईकाई दक्षिण आयुक्तालय जयपुर, मनराज मीना अति. पुलिस अधीक्षक एंटी चीटिंग सैल एसओजी जयपुर, रमेश मोर्य अति. पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान ईकाई अजमेर, भूपेन्द्र सिंह यादव अति. पुलिस अधीक्षक आरपीए और रोशन लाल पटेल अति. पुलिस अधीक्षक सहाड़ा भीलवाड़ा लगाया है।

### इनके तबादले निरस्त

गृह विभाग ने आरपीएस सोहेल राजा, भागचंद मीणा, चिरंजी लाल मीणा, यशपाल त्रिपाठी और शालिनी राज के पहले की सूची में किए गए तबादले निरस्त किए गए हैं।

---

# मिलेट्स, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां होंगी स्थापित

**बेधड़क** | जयपुर

कृषि मंत्रीलालचन्द कटारिया ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि प्रदेश में 11 मिलेट्स एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए 3 करोड़ 37 लाख रुपए की अनुदान सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में रागी, कंगनी, सावां, चीना, कोदो तथा कुटकी के बीज उपलब्ध नहीं हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में ही इन बीजों को विकसित करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद से बीज मंगाए गए हैं। कटारिया ने कहा कि जनजाति क्षेत्र में 99 प्रतिशत बुआई मक्का की होती है। इस क्षेत्र में मिलेट्स का उपयोग कम किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन के तहत मिलेट्स प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए किसी भी जिले से किसानों द्वारा आवेदन नहीं किया गया है।

मिलेट्स एवं अन्य खाद्य सामग्री की प्रसंस्करण इकाइयों के लिए निजी कंपनियों के 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 11 प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए 3 करोड़ 37 लाख रुपए की अनुदान सहायता दी गई है।

---

**परिवहन राज्य मंत्री** ने दी जानकारी

# ग्रीन टैक्स से सरकार को प्राप्त हुई 1024.4 करोड़ रुपए की राशि

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा में सोमवार को परिवहन राज्य मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला ने वाहनों से प्राप्त होने वाले ग्रीन टैक्स की राशि का ब्यौरा दिया। आमेर विधायक सतीश पूनियां के प्रश्न के जवाब में ओला ने बताया कि वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक सरकार को ग्रीन टैक्स के रूप में 1024.4 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान परिवहन आधारभूत विकास निधि में राजस्थान मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 के तहत एकमुश्त कर, अन्य करों पर अधिभार, पुराने और नए वाहनों पर अधिरोपित ग्रीन टैक्स तथा राजस्थान स्टांप अधिनियम के तहत स्टांप ड्यूटी पर अधिभार की राशि संग्रहित की जाती है।

यह राशि मोटरयान कराधान अधिनियम 1951 के तहत राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को उपलब्ध करवाई जाती है। शेष राशि का उपयोग क्रमशः स्वायत्त शासन विभाग एवं परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के माध्यम से 75: 25 के अनुपात में किया जाता है। यह राशि जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम एवं शहरी बस सेवाओं यथा जेसीटीएसएल, कोटा बस सर्विस लि. अजमेर बस सर्विस लि. व अन्य संभागीय मुख्यालयों पर संचालित शहरी बस सेवाओं के संचालन, हानि के पुनर्भरण के अनुदान/अंशपूंजी उपलब्ध कराने, आरओबी/आरयूबी, शहरी गौरव पथ, पार्किंग निर्माण, नगरीय निकायों में आधारभूत विकासात्मक गतिविधियों पर खर्च की जाती है।

---

**नहीं सहेगा राजस्थान कैंपेन**

# युवा मोर्चा आज करेगा RPSC का घेराव, BJP ने कांग्रेस पर किए वार

- भाजपा सांसद से लेकर संगठन पदाधिकारियों ने की प्रेसवार्ता

**बेधड़क** | जयपुर




राजस्थान भाजपा ने कांग्रेस की घेराबंदी करने को लेकर योजना तैयार कर ली है। इसी के तहत पेपर लीक के मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा अजमेर में मंगलवार को राजस्थान लोकसेवा आयोग का घेराव कर प्रदर्शन करेगा। वहीं कांग्रेस सरकार की नीतियों को मुद्दा बनाते हुए प्रदेश में चलाए जा रहे 'नहीं सहेगा राजस्थान' कैंपेन के तहत सोमवार को प्रदेश के 32 जिलों में भाजपा सांसद से लेकर संगठन पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर कांग्रेस पर जुबानी हमाला बोला। इस दौरान पेपर लीक, भ्रष्टाचार, महिला अपराध, किसान और अपराधों की बढ़ती संख्या को लेकर राज्य सरकार पर आरोप लगाए गए।

### प्रदर्शन में हर जिले से पहुंच रहे लोग

अजमेर में बेरोजगार युवाओं को लेकर आरपीएसी के बाहर प्रदर्शन में प्रदेश के हर जिले से लोग पहुंचेंगे। लोगों को आमंत्रित करने के लिए जिलाध्यक्ष और आईटी सेल जिम्मा दिया गया है। इससे पहले होने वाली सभा में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, अजमेर एवं अलवर सांसद भागीरथ चौधरी एवं बाबा बालकनाथ भी सम्बोधित करेंगे। इसमें भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता और विधायक भी मौजूद रहेंगे।

### दबाव में लिया गया छात्र संगठन का नाम: शेखावत

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की प्रेस वार्ता के दौरान जोधपुर के यूनिवर्सिटी कैंपस में हुए गैंगरेप मामले में राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं का समाज में कोई स्थान नहीं है और दोषियों को कठोर से कठोर दंड मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के मंदिर को भी कलंकित किया है। साथ ही शेखावत ने यह आरोप भी लगाया कि राजस्थान की सरकार के दबाव में पुलिस ने एक छात्र संगठन को बदनाम करने का काम किया है। बिना किसी ठोस साक्ष्य के पुलिस ने संगठन का नाम लिया है। ऐसे कृत्य को हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### 1 अगस्त को जयपुर में वार्ड स्तर पर प्रदर्शन: चतुर्वेदी

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता के जरिए कहा कि 'नहीं सहेगा राजस्थान' के तहत हर वार्ड में जाकर अलग-अलग अभियान चलाए जाएंगे और जनता को जागरूक करने का काम किया जाएगा। 1 अगस्त को जयपुर में प्रदर्शन होगा। जहां पेपर लीक, महिला अत्याचार सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार को जगाने का काम किया जाएगा। इसी तरह उदयपुर में सांसद अर्जुनलाल मीणा ने कहा कि करप्शन, रेप, पेपर लीक सभी मामलों में यह सरकार नंबर वन है।

### सतीश पूनियां ने बोला हमला

सीकर में उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि राजस्थान में जब सरकार ने शपथ ली, उस दौरान थानागाजी में रेप हुआ और अब इसकी आंच जोधपुर तक पहुंच चुकी है। राजस्थान में पुलिस और गृह विभाग की पंच लाइन को बदलकर रक्षक ही भक्षक कर देना चाहिए।

### प्रदेशभर में की गई प्रेसवार्ता

नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के तहत बाड़मेर में कैलाश चौधरी, टोंक में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, धौलपुर मनोज राजौरिया, भरतपुर में प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, करौली में प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल, डूंगरपुर में सांसद कनकमल कटारा, गंगानगर में निहालचंद मेघवाल, राजसमंद में चुन्नीलाल गरासिया सहित कई भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता की।

## जरूरी खबर

### सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी खुलेगी डिस्पेंसरी




**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की ओर से एसएमएस स्टेडियम में अब विभिन्न खेल अकादमियों में रहने वाले खिलाड़ियों को बीमारी के दौरान अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने होंगे। यहां एक सरकारी डिस्पेंसरी खोली जाएगी। परिषद के मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पूनिया ने बताया कि क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनियां ने इसके लिए प्रस्ताव पूर्व में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के निदेशक जितेंद्र कुमार सोनी को भिजवाया गया था, जिसकी स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को मिशन विभाग से एक पदाधिकारी ने डिस्पेंसरी खोले जाने वाले कमरों का निरीक्षण किया और जल्द ही यहां 3 कमरों की डिस्पेंसरी खोली जाएगी। इससे चोटिल खिलाड़ियों को इलाज व दवा मुहैया हो सके।

### केसावत सहित तीनों आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**जयपुर।** आरपीएससी की ईओ परीक्षा में ओएमआर सीट बदलकर पास कराने की एवज में 18.50 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में ट्रैप हुए पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त घुमंतू जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत, प्राइवेट व्यक्ति अनिल कुमार, ब्रह्मप्रकाश और रविन्द्र शर्मा को एसीबी ने कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया है। मामले की जांच एसीबी अलवर के एडिशनल एसपी विजयपाल सिंह मीणा को सौंपी गई है। जिसके बाद अब एसीबी इनसे आगे की पूछताछ करेगी।

### पटवारी 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** एसीबी ने सोमवार को आमेर तहसील के रोजदा ग्राम पंचायत के पटवारी अविकार शर्मा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सोमवार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया यह पटवारी कालवाड़ रोड नौ दुकान स्थित प्रकाश नगर का रहने वाला है। जो आमेर की मुंडोता उप तहसील स्थित रोजदा ग्राम पंचायत में कार्यरत है। कार्यवाहक डीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि इस संबंध में परिवादी ने शिकायत दी कि आवासीय कॉलोनी में दो प्लॉटों से रास्ता नहीं निकालने व स्टे की प्रक्रिया होने तक समय देने सहित अन्य प्रकार की मदद करने की एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगकर परेशान कर रहा हैं। इस पर शिकायत सत्यापन करने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर इसे पकड़ लिया।

कैसे बरकरार रहे तीज मेले की भव्यता

# शिकायतों के बावजूद अतिक्रमण पर कोई एक्शन नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

स्मार्ट सिटी के तहत चौगान स्टेडियम परिसर में बनी भूमिगत पार्किंग और स्पोटर्स कॉम्पलेक्स से मैदान में पूर्व में लगने वाला तीज का परम्परागत मेला बंद हो गया। उस समय क्षेत्र के लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने सवारी निकलने का रास्ता छोड़ने की बात कही थी। लेकिन विकास के नाम पर निर्माण की आड़ में अधिकारी सवारी के रूट को ही खा गए। इसके बाद से सवारी को चौगान के पीछे से सड़क मार्ग से ले जाया जाता हैं। अब सड़क पर हुए जगह- जगह अतिक्रमण से तीज की सवारी के साथ निकलने वाले लवाजमे को बीच में ही रूकना पड़ता है।



### पैदल भी निकलना मुश्किल

स्मार्ट सिटी के तहत बनाई पार्किंग का आधार भी जमीन से ऊंचा होने से पैदल भी निकलना मुश्किल हो गया है। इसके निर्माण से पहले मैदान पर भव्य मेला लगता था, और रस्सों की बेरिकेड करके तीज माता की पालकी निकाली जाती थी। जिसमें घुड़सवार करतब दिखाते थे। महिलाएं झूला झूलती थी। लेकिन इसके निर्माण के बाद मेला बंद कर दिया गया।

### अतिक्रमण से सिमटी सड़क

स्थानीय मनोज शर्मा ने बताया कि मार्ग में हुए अतिक्रमण से करीब 40 फीट की सड़क 11 से 15 फीट की होकर रह गई। जिसको लेकर निगम हेरिटेज में कई बार शिकायत भी दी है, इस पर निगम अधिकारियों ने मौका निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण अवैध माना, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हुई। तीज की सवारी के अलावा गणगौर मेले में भी सवारी के दौरान काफी परेशानी आती है।

### टूटी सड़कें और अवैध पशु डेयरियों पर भी ध्यान नहीं

गणगौरी गेट से ताल कटोरा तक की करीब एक किमी सड़क तक जगह-जगह सड़कें टूटी हुई हैं। इनमें बारिश का पानी भर गया है। इसके अलावा अवैध पशु डेयरियां होने से सड़क पर ही गायें घूमती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

हर घर से निकलेगा एक बजरंग बली का भक्त

# हनुमान चालीसा बनेगी देश में हिंदुत्व का आधार

**आध्यात्मिकता और संस्कृति से जुड़ हिंदू समाज होगा एकजुट, संत भी जुटेंगे मुहिम में**

**बेधड़क** | जयपुर

हनुमान चालीसा को आधार बनाकर हिंदू संगठन हर घर से बजरंग बली का एक भक्त निकालने की तैयारी में जुट गए हैं। देश-प्रदेश के हर जिले में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ कार्यक्रमों के जरिए हिंदू वर्ग की हर जाति तक पहुंच व समाज में धर्म को लेकर जागृति फैलाने का अभियान शुरू हो गया है। प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू संगठन सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठों के जरिए समाज को आध्यात्मिकता और संस्कृति से जोड़कर हिंदू समाज को एक करने की तैयारी में कई संगठन जुटे हैं।

हर मोहल्ले के मंदिरों में हनुमान चालीसा के माध्यम से लाखों लोगों को आध्यत्मिकता से जोड़ने और खासतौर पर युवा पीढ़ी को इससे जोड़ने की तैयारी हैं। जिससे हर परिवार तक हिंदू धर्म की भावनाओं को पहुंचाया जा सके। इससे संत-महंतों को भी मंच पर जगह देकर धर्मांतरण मुक्त भारत, मंदिर और धर्म तक पहुंच के साथ ही हर परिवार में संस्कारों की पुनर्स्थापना की यह मुहिम मानी जा रही हैं।



फाइल फोटो

### कहीं भाजपा का एजेंडा तो नहीं

कुछ राजनीतिक संगठनों का मानना है कि बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच जैसे सभी संगठन चुनावों से पहले भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे को लेकर इस तरह का काम कर रहे हैं। इससे की चुनावों में हिंदू वोट बैंक को भाजपा के पक्ष में साधा जा सकें, लेकिन इन संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यह कार्यक्रम शुद्ध रूप से सिर्फ और सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम है और किसी एक संगठन का कार्यक्रम नहीं होकर सभी संगठनों से जुड़ा हुआ कार्यक्रम हैं। इसे किसी भी राजनीतिक पार्टी या नेता से नहीं जोड़ना चाहिए। जून के पहले सप्ताह में जयपुर के सांगानेरी गेट स्थित पूर्व मुखी हनुमान मंदिर के बाहर सामूहिक रूप से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया था। अब हनुमान चालीसा का पाठ 23 जुलाई को विद्याधर नगर में शाम 6 बजे से सीकर रोड एक नंबर पर सन एंड मून टावर के पास होगा। इसमें विधानसभा क्षेत्र के हर घर से एक बजरंगी को बुलाने की तैयारी की जा रही है।

### सभी परिवारों तक पीले चावल बांट दे रहे न्योता

हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी प्रांत सह प्रमुख विक्रम सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि हम सभी परिवारों तक पहुंचे। इसके लिए समिति के कार्यकर्ता हर घर तक पहुंच पीले चावल बांट न्योता दे रहे हैं। कार्यक्रम में हर गली मोहल्ला व मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड मंडल बनाकर कार्यक्रम करने वालों को जोड़ा जाएगा। ऐसे कार्यक्रम पूरे राजस्थान में हर जगह देखने को मिल रहे हैं और मिलेंगे। सांगानेरी गेट का कार्यक्रम प्रयोग था। इसका लक्ष्य समाज को आध्यात्मक और संस्कृति से जोड़ना है। यह एक संस्था या संगठन के कार्यक्रम नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि हर घर से एक हनुमान जी का भक्त आना चाहिए। सिर्फ संतों को बुलाया हैं। अपनी मर्जी से कोई जनप्रतिनिधि आ सकते हैं। किसी भी तरह से राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है।

एबीवीपी और एनएसयूआई की सियासत...

# गैंगरेप मामले को लेकर छात्र संगठनों का प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर यूनिवर्सिटी में नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप मामले में प्रमुख छात्र संगठन सड़क पर उतर गए। एक ओर जहां एबीवीपी ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग पर पुलिस मुख्यालय प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर एबीवीपी को बैन करने की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों की ओर से जेएलएन मार्ग पर सड़क पर लेट कर रोड जाम करने की कोशिश की गई। इस पर हल्का बल प्रयोग करते हुए पहले छात्रों को यूनिवर्सिटी कैंपस में ले जाया गया और प्रदर्शन उग्र होता देख कार्रवाई करते हुए करीब 18 छात्रों को हिरासत में लिया गया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने बताया कि शिक्षा के मंदिरों में इस तरह की घटना लगातार हो रही है। इस तरह की घटनाओं की कैंपस में पुनरावृत्ति ना हो इसको लेकर कड़े कानून बने और यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जाए ताकि छात्र भयमुक्त होकर पढ़ाई कर सकें।

### पुलिस ने लाठियां भांज छात्रों को खदेड़ा, 18 को हिरासत में लिया



फोटो: पंकज शर्मा

### ABVP का पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

नाबालिग के दुष्कर्म मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों को एबीवीपी संगठन से बताने के विरोध में प्रदर्शन किया। एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री होशियार सिंह मीणा के नेतृत्व में परिषद के कार्यकर्ताओं ने टोंक रोड से पुलिस मुख्यालय की ओर कूच किया, लेकिन पुलिस प्रशासन ने टोंक रोड पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने बताया कि आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा मिले। वहीं डीसीपी अमृता दोहन द्वारा आरोपियों के साथ एबीवीपी के संबंध को बिना जांच के बताना गलत है। उन्होंने कहा कि डीसीपी अपने वक्तव्य का खंडन करें अन्यथा पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं सत्यापन नहीं होने पर परिषद मानहानि का दावा करेंगे।



देवस्थान मंत्री ने प्रदेश में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

# मंत्री शकुंतला ने किया रुद्राभिषेक

**बेधड़क** | जयपुर

श्रावण मास के दूसरे सोमवार के पावन पर्व पर देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने राजधानी स्थित श्री प्रतापेश्वर महादेव के मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर रावत ने कहा कि देवस्थान विभाग श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक का आयोजन करवा रहा है। विभाग के अधीन आने वाले सभी शिव मंदिरों में श्रावण मास के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सोमवती अमावस्या के अवसर पर शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की विशेष व्यवस्था की गई है एवं विभाग के अधीन शिव मंदिरों में विशेष सजावट की गई है।



संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने की जटिल सर्जरी

# डायलिसिस मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में पहली बार लिवर और किडनी फेलियर से जूझ रहे और डायलिसिस पर चल रहे मरीज का लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। शहर के संतोकबा दुर्लभजी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने एक जटिल ऑपरेशन कर मरीज अनुज को नया जीवन दिया। अनुज किडनी फेलियर के कारण डायलिसिस पर चल रहा था। सोमवार को हॉस्पिटल में आयोजित हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर्स की टीम ने इस जटिल केस के बारे में जानकारी दी।



### 100 प्रतिशत वेंटिलेटर सपोर्ट पर था रोगी

सचिव योगेंद्र दुर्लभजी ने बताया कि मरीज को एक्यूट लीवर और एक्यूट किडनी फेलियर था। उसके शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा को बनाए रखने के लिए 100% वेंटिलेटर सपोर्ट देने की आवश्यकता पड़ रही थी। डॉक्टर्स ने जब मरीज को देखा तो उसके बचने की संभावना सिर्फ एक प्रतिशत थी। सारी जांच करने के बाद मरीज को लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई।

### पत्नी ने दिया आधा लिवर, तब ट्रांसप्लांट

लिवर ट्रांसप्लांट राजस्थान में पहली बार हुआ है और अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में इसे बेहद जटिल प्रत्यारोपण सर्जरी माना जा रहा है। अनुज की पत्नी पूनम ने उन्हें अपना आधा लिवर दिया। लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी 12 घंटे तक चली। धीरे-धीरे मरीज की किडनी ने भी काम करना शुरू कर दिया। सर्जरी के बाद मरीज को 10 दिनों के लिए आईसीयू में निगरानी के लिए रखा गया था।

विभिन्न कर्मचारी संगठनों का प्रदर्शन

# विधानसभा के अंतिम सत्र में मांगों को लेकर लगाया एड़ी चोटी का जोर

**बेधड़क** | जयपुर

लंबे समय से अपनी मांग मनवाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सोमवार को एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। वर्तमान सरकार के आखिरी विधानसभा सत्र होने के कारण विभिन्न कर्मचारी संगठन कई दिन से विरोध दर्ज कर रहे थे। सोमवार सुबह अपनी मांग को लेकर संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा, डिस्कॉम कर्मी, तृतीय श्रेणी के शिक्षकों ने विधानसभा का घेराव की कोशिश की। इस दौरान भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें 22 गोदाम पर ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया।

संविदाकर्मी नियमितीकरण की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से शहीद स्मारक पर प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं तबादले की मांग को लेकर कई शिक्षक संगठन के बैनर तले तृतीय श्रेणी के शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। एक डिस्कॉम से दूसरे डिस्कॉम में तबादले की मांग को लेकर पिछले 92 दिनों से बिजली कर्मचारी गांधीनगर में विधायक आवासों के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।




### धरने की अवधि समाप्त होने पर खदेड़ा दो प्रदर्शनकारियों को लिया हिरासत में

नियमितीकरण की मांग को लेकर कई दिनों से शहीद स्मारक पर प्रदर्शन कर रहे संविदा कर्मियों ने सोमवार को प्रदर्शन कर सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर चेताया था कि अगर सरकार 24 घंटे में नियमित करने का आदेश जारी नहीं करती है तो प्रदेश के 1 लाख 10 हजार संविदा कर्मी परिवार सहित विधानसभा का घेराव करेंगे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने संविदा कर्मियों को संविदा से राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्टस रूल्स 2022 में डाला हैं। जो एक तरह से संविदा से संविदा में डाला हैं। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों को स्थायी करने के लिए आईएएस पैटर्न के बजाय पुराने अनुभव को शामिल करते हुए स्थाई नहीं किया गया तो जिलों में विधायक, मंत्रियों का विरोध किया जाउगा। जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को आगामी विधानसभा चुनावों में उठाना पड़ेगा। वहीं शाम 8 बजे प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने धरने की अनुमति पूरी होने के बाद समिति के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी और प्रवक्ता रामजीत पटेल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं प्रदर्शनकारियों को हल्का बल प्रयोग कर वहां से खदेड़ दिया।



### प्रदर्शन कर सीएमओ में सौंपा ज्ञापन

तृतीय श्रेणी अध्यापक के तबादले को लेकर तृतीय श्रेणी शिक्षक एकता मंच, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत, राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत, शिक्षक संघ युवा ने 22 गोदाम पर सभा कर विधानसभा घेराव की कोशिश की। वहीं गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में 5 सदस्य प्रतिनिधि मंडल सीएमओ में ज्ञापन देकर जल्द से जल्द तबादले करने की मांग की।

### दो संगठन आज करेंगे प्रदर्शन

एक डिस्कॉम से दूसरे डिस्कॉम में तबादले की मांग को लेकर पिछले 92 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी मंगलवार को विधानसभा का घेराव करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि डिस्कॉम कर्मी तबादलों की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। लेकिन सरकार और प्रशासन की तरफ से आश्वासन के अलावा अभी तक कर्मचारियों के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

## जरूरी खबर

### नवनियुक्त SHO रिया ने जीण माता को लगाई धोक



**सीकर।** जीण माताजी थाने में नवनियुक्त थानाधिकारी रिया चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मां जीण भवानी के दर्शन क्षेत्र में अमन-चैन की कामना की। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान एसएचओ चौधरी का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। साथ ही पुलिस के ध्येय वाक्य 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' को सार्थक किया जाएगा।

### सांवरिया सेठ के भंडार से निकली 5 करोड़ की राशि

**चित्तौड़गढ।** मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्ण धाम मंडफिया स्थित भगवान सांवरिया सेठ के दानपात्र को चतुर्दशी पर खोला गया। देर शाम तक चली गिनती के दौरान पहले दिन 5 करोड़ से अधिक की राशि की गिनती की जा सकी। इस दौरान विदेशी मुद्रा भी निकली। मंदिर मंडल के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर एवं सीओ एडीएम अभिषेक गोयल की मौजूदगी में राजभोग आरती के बाद दान-पात्र खोला गया। मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी और कैशियर नंदकिशोर टेलर ने बताया कि भंडार राशि में से नोटों और सिक्कों की गिनती की गई। भंडार से निकले सोने-चांदी का वजन भी किया जाना शेष है। इसके अलावा कार्यालय में प्राप्त आय और ऑनलाइन जमा की गई राशि की गणना भी किया जाना बाकी है।

### नंदी पर तेजाब डाला, गोरक्षकों ने बचाई जान



**माउंट आबू।** हिल स्टेशन माउंट आबू में एक नंदी पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा तेजाब डालने का मामला सामने आया है। इसके चलते नंदी की पीठ के हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया। इसकी सूचना दीपक त्रिपाठी ने खुशी सेवार्थ ट्रस्ट सचिव एवं राष्ट्रीय गोरक्षक दल के जिला अध्यक्ष गौरव कौशिक को दी। इस पर वे मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल नंदी का इलाज किया। नंदी पर तेजाब इतनी अधिक मात्रा में डाला गया था कि पीठ के हिस्से की चमड़ी जल गई और घाव हो गए। पशु चिकित्सालय के भाग्य दत्त डोडिया व दशरथ लखारा नंदी का इलाज किया।

**सोमवती अमावस्या:** पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता, ब्रह्माजी के दर्शन को भी लगी कतार

# लोगों ने सरोवर में लगाई डुबकी, पितरों का किया पिंडदान

**बेधड़क** | अजमेर

श्रावण मास की हरियाली व सोमवती अमावस्या के मौके पर तीर्थराज पुष्कर में आस्था का सैलाब उमड़ा नजर आया। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का पुष्कर सरोवर के घाटों पर जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में डूबकी लगाई और पितरों की प्रसन्नता के लिए तर्पण व पिंडदान किया।

वहीं सरोवर में स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने जगतपिता ब्रह्माजी के भी दर्शन किए। दर्शन के लिए मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की कतार लगी नजर आई। हिन्दू धर्मशास्त्रों में सोमवती अमावस्या का काफी महत्व है। यही वजह है कि बड़ी तादाद में श्रद्धालु पुष्कर सरोवर में स्नान के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए पुष्कर नगरपालिका ने पहले से ही सरोवर में गहराई को प्रदर्शित करते हुए लाल झंडी लगा दी थी। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त तीर्थ पुरोहितों से तर्पण, पिंडदान एवं सरोवर की पूजा-अर्चना करवाई। उसके बाद जगतपिता ब्रह्माजी के दर्शन कर श्रद्धा अनुसार दान पुण्य किया। तीर्थ पुरोहित पं. हरि गोपाल पाराशर ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर पितरों के निमित्त तीर्थ राज पुष्कर में तर्पण, पिंड दान आदि अनुष्ठान और पूजा-अर्चना करवाने से घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

पुष्कर सरोवर में 12 महीने पितरों के निमित्त पूजा-अर्चना होती है। सोमवती अमावस्या पर पितरों के लिए अनुष्ठान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।



### कल्पवृक्ष की पूजा कर मांगा आशीर्वाद

मांगलियावास में प्राचीन कल्पवृक्ष के जोड़े का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। कल्पवृक्ष के जोड़े को शिव पार्वती के रूप में देखा जाता है। हरियाली अमावस्या पर कल्पवृक्ष मेले का आयोजन मांगलियावास में हुआ। स्थानीय लोगों के अलावा दूरदराज से भी काफी संख्या में लोग कल्पवृक्ष के जोड़े की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। कल्पवृक्ष जोड़े की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मोली लपेटकर परिवार में समृद्धि और खुशहाली की कामना कर की। सुबह से ही कल्प वृक्ष के जोड़े की पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं सोमवार सुबह से ही बारिश का दौर जारी रहने से मौसम सुहावना हो गया। जिले के हर क्षेत्र में तेज बारिश होने के बावजूद लोगों की आस्था पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। सुहावने मौसम के बीच लोग दोगुने उत्साह के साथ पुष्कर स्नान के लिए पहुंचे। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए घाटों पर सिविल डिफेंस, पुलिस मित्र और पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

### पांडवों ने दिया था श्राप

पांडवों ने सोमवती अमावस्या को श्राप दिया था कि कलयुग में सोमवती अमावस्या वर्ष में कई बार आएगी, ताकि श्रद्धालु पुष्कर में पितरों के निमित्त तर्पण आदि अनुष्ठान कर सके। धर्मग्रंथों के अनुसार महाभारत युद्ध में मारे गए अपने कुटुंबजनों की आत्म शांति के लिए पिंडदान करने के लिए पांडव पुष्कर आए थे। सोमवती अमावस्या पर विशेष मुहूर्त होने के कारण वे इसका इंतजार करने लगे। कई महीनों तक इंतजार करने के बाद बिना पिंडदान किए ही पांडव हिमालय की ओर निकल गए। जाने से पहले सोमवती अमावस्या को श्राप दिया।

**जोधपुर में नाबालिग से** गैंगरेप का मामला, न्यायिक हिरासत में भेजा

# आरोपियों की पॉक्सो कोर्ट में पेशी, जज से बोले-साहब गलती हो गई

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय पुराने परिसर के हॉकी मैदान में हुए गैंगरेप के चारों आरोपियों को सोमवार को पॉक्सो कार्ट महानगर में पेश किया गया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायिक अधिकारी सूर्य प्रकाश पारीक ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी किए।

इससे पहले कोर्ट रूम में बापर्दा पेश हुए तीन आरोपी बैचेन नजर आए। करीब 20 मिनट तक सभी आरोपी कोर्ट में रहे। इस दौरान आरोपी धर्मपाल और भट्टम सिंह दोनों सिर पकड़े बैठे रहे। उन्होंने अपनी गलती भी मानी। जांच अधिकारी एडीसीपी निशांत भारद्वाज सहित पुलिस का जाप्ता कोर्ट में मौजूद रहा। वहीं कोर्ट के बाहर आरोपियों को देखने के लिए काफी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान सुरक्षा चाक-चौबंद रही।

जज सूर्यप्रकाश पारीक ने एक आरोपी को बुलाया तो समंदर सिंह आगे आया। जज के पूछने पर समंदर सिंह ने कहा कि 'साहब गलती हो गई।' इस पर सरकारी वकील शिवप्रकाश भाटी ने कहा साहब को बताओ क्या गलती हुई है। इस पर समंदर सिंह बोला कि हम कंवरराज सिंह के प्रचार के लिए आए थे। रात को खाना खाने के बाद मैगी खाने पावटा चौराहा आए थे।

मैगी खाने के बाद जब वापस जा रहे थे तो एक लड़का और लड़की मिले। जज ने पूछा उन्हें कहां लेकर गए तो समंदर ने कहा कि ओल्ड कैंपस हॉकी मैदान में। इसके बाद समंदर सिंह को बैठा दिया गया।





### पुलिस करवाएगी शिनाख्त, जेल से लाया जाएगा वापस

मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। इनमें से तीन आरोपियों को अभी उपचार की जरूरत है। इसके अलावा पुलिस उनकी शिनाख्ती भी करवाएगी। इसके लिए उन्हें जेल से वापस लाया जाएगा। पुलिस ने रविवार रात को पीड़िता के बयान की कार्रवाई भी पूरी कर ली है। पुलिस का प्रयास है कि जल्द से जल्द इस प्रकरण का चालान पेश कर दिया जाए, जिससे ट्रायल शुरू हो सके।

### गेस्ट हाउस के मैनेजर ने 1500 रुपए में कमरा दिया

जज ने पूछा सुरेश कुमार कौन है? इस पर पुलिस ने कृष्णा गेस्ट हाउस के मैनेजर सुरेश कुमार जाट को पेश किया। उसने बताया कि मालिक नहीं थे। मैने दोनों को 1500 रुपए में कमरा दिया था। बाद में उनको वापस निकाल दिया। क्यों निकाला इस पर सुरेश ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसे वापस बैठा दिया गया। न्यायिक अधिकारी ने अपनी टिप्पणी लिखी और चारों आरोपियों के हस्ताक्षर उस पर करवाए।

**पारिवारिक विवाद बना जानलेवा**

# देवर ने भाभी का सिर फोड़कर की हत्या



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

जिले में आपसी कलह के चलते एक देवर ने सोमवार को अपनी भाभी का फावड़े से सिर फोड़कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी देवर खुद ही थाने पहुंच गया और वारदात करने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। आरोपी की भाभी मनरेगा में काम कर रही थी, उसकी दादी सास भी साथ थी। बीच-बचाव करने पर दादी के भी चोट आई है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी के चलते देवर ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी बनवारीलाल मीणा, एसएचओ सोनू चौधरी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर मृतका के परिजनों से जानकारियां जुटाई।

यह घटना श्रीगंगानगर के पदमपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत 39 आरबी के गांव 43 आरबी की है। पुलिस ने बताया कि महिला की मौत की वजह देवर-भाभी में लंबे समय से चल रहा पारिवारिक विवाद सामने आया है। इसी के चलते वारदात को अंजाम दिया।

### दादी पर भी किया हमला

पुलिस ने बताया कि सरोज का देवर नारायणाराम पुत्र धनुराम वहां आया। नारायणाराम ने आते ही अपनी भाभी से मारपीट शुरू कर दी। नारायणाराम को अपनी भाभी से झगड़ता देख पास ही काम कर रही उसकी दादी बीच बचाव के लिए आई, लेकिन आरोपी ने उस पर भी फावड़े से हमला कर दिया। इससे वह दूर जा गिरी। झगड़े के दौरान नारायणाराम ने अपनी भाभी सरोज के सिर में फावड़े से वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़** ने भाजपा पर बोला हमला

# मोदी जैसे आए थे वैसे ही वापस जाएंगे

**बेधड़क** | अजमेर

आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी को हिला कर रख दिया। देश में प्रधानमंत्री मोदी को राहुल गांधी से ही ज्यादा चिंता है। हमारे नेता राहुल गांधी की भावना है कि हम मोहब्बत की दुकान खोलेंगे और नफरत के बाजार बंद करेंगे।

राठौड़ पंचशील नगर स्थित होटल ब्राविया होटल पंचशील नगर में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्य से बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी और सीबीआई के मामले में हुए विरोध प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी अच्छा काम किया। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि मैं मुद्दों पर आधारित राजनीति पर विश्वास करता हूं। राठौड़ ने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश में 156 सीटें जीतने का भी मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता आत्मविश्वास के साथ बूथ पर कार्य करेंगे तो राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

कर्नाटक चुनाव में युवा कांग्रेस ने अच्छा काम किया और शानदार सीटों से कांग्रेस की सरकार बनी है। राठौड़ ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में आईटी को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी लेकर आए, उस आईटी की टेक्निक से नरेन्द्र मोदी ने केंद्र में भाजपा की सरकार बना ली। अब उसी टेक्निक से वे जाएंगे। राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी से पूरा देश त्रस्त है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई कम करने और बेरोजगारी रोकने के लिए बेहतर काम किया।

देश में सबसे ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री गहलोत के साथ है। संभाग स्तरीय बैठक में राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने, प्रचार करने सहित कई विषयों पर गहन मंथन किया गया।



**सेवा कार्य में** नारी उत्कर्ष संस्था के दस वर्ष पूर्ण

# विशेष बच्चों के लिए बनेगा घर

**बेधड़क** | माउंट आबू

नारी उत्कर्ष संस्था समाज सेवा के विभिन्न आयामों को पूरा कर रही है। संस्था सेवा कार्यों के साथ दस वर्ष का सफर पूरा कर रही है। संस्था ने बीते वर्षों में महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, शारीरिक जागरूकता एवं वयोवृद्ध नागरीकों के लिए एक्टिविटी प्रोग्राम्स, महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सहित मूक-बधिर बच्चों के विकास के कई कार्यक्रम चलाए हैं।

इस वर्ष में संस्था मूक-बधिर विशेष बच्चे के लिए आश्रय घर शुरू करने जा रही है। माउंट आबू के आस-पास आदिवासी इलाकों और अन्य स्थानों पर इस तरह के बच्चे मिलने पर उन्हें माउंट आबू के नारी उत्कर्ष संस्था के आश्रय घर में लाया जा सकता है। जहां उनके लालन-पालन सहित सभी तरह की सेवा व चिकित्सा व्यवस्था निशुल्क रहेगी। गौरतलब है कि,माउंट आबू अच्छे शिक्षण संस्थाओं के लिए जाना जाता है तो संस्था का यह प्रयास है कि इस तरह के बच्चों को भी इसका लाभ मिले।

अध्यक्ष विराज रत्न देवासी ने बताया कि संस्था ने अब समाज के विभिन्न वर्ग की सेवा प्रकल्प के साथ ही विमंदित बच्चों के संरक्षण, उनके शिक्षण और सर्वांगीण विकास का बीड़ा उठाया है।



**125 साल से चली आ रही अनूठी परम्परा**

# सहेलियों की बाड़ी मेले में आज महिलाओं की ही एंट्री

**बेधड़क** | उदयपुर

श्रावण मास की हरियाली अमावस्या पर झीलों की नगरी में अनूठे मेले की शुरुआत हुई। सहेलियों की बाड़ी पर आयोजित मेले में पहले दिन जहां बड़े-बूढ़े, बच्चे, युवा और महिलाओं की भीड़ उमड़ी वहीं मंगलवार को मेले में सिर्फ महिलाओं का ही प्रवेश रहेगा।

यह परम्परा पिछले करीब 125 साल से चली आ रही है। दो दिवसीय मेले में दूसरे दिन पुरुषों का प्रवेश निषेध रहता है। हरियाली अमावस्या के दिन मानसून भी मेहरबान नजर आया। इससे सुहावने मौसम के बीच लोगों ने मेले का आनंद उठाया। लोगों ने बारिश की बूंदों के साथ अलग-अलग व्यंजनों का लुत्फ लिया। मेले के पहले दिन लोगों ने बढ़ चढ़ कर खरीदारी की। साथ ही अलग-अलग व्यंजनों का भी आनंद लिया। उदयपुर में सहेलियों की बाड़ी से फतेहसागर झील तक विशाल मेला भरा। नगर निगम में मिली जानकारी के अनुसार सहेलियों की बाड़ी में लगे इस मेले में करीब 700 से अधिक दुकानें, जबकि 9 छोटे-बड़े झूले लोगों के लिए लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं इस मेले में शामिल होने के लिए पहुंच रही हैं। सुखाड़िया सर्किल सहेलियों की बाड़ी यूआईटी चौराहे से लेकर फतेहसागर तक सुबह से ही मेले की रंगत देखने को मिली।



### रानी ने जताई थी मेले की इच्छा

जानकारों का कहना है कि पहली बार फतेहसागर मेले को देखने के लिए महाराणा फतह सिंह चावड़ी रानी के साथ पहुंचे थे, जहां पूरे नगर को मुनादी कर बुलाया गया। इस दौरान मेले के रूप में बड़ा जश्न मनाया गया। उनकी रानी ने दूसरे दिन सिर्फ महिलाओं के लिए मेला भरने की इच्छा जताई। इस पर फतह सिंह ने इस विशेष मेले की घोषणा की। तब से हरियाली अमावस्या पर लगने वाले दो दिवसीय मेले में केवल महिलाएं शामिल होती है।

### महाराणा फतह सिंह ने की थी मेले की शुरुआत

इस ऐतिहासिक मेले की शुरुआत महाराणा फतह सिंह के कार्यकाल में सन 1898 में हुई थी। मेवाड़ में पहली बार महिलाओं के लिए विशेष मेला भरना शुरू हुआ था। इतिहासकार श्रीकृष्ण जुगनू ने बताया कि उदयपुर में महिलाओं के लिए हर साल हरियाली अमावस्या के दूसरे दिन भव्य मेला लगता है। पहले इसे दिवाली तालाब कहा जाता था, जिसके बाद इसे फतेहसागर नाम दिया गया। उधर मानसून की अच्छी बारिश से उदयपुर का फतेहसागर भी लबालब हो गया है। इसके ओवरफ्लो होने पर चारों गेट खोले गए हैं। बड़ी संख्या में लोग घूमने-फिरने के लिए यहां पहुंच रहे हैं और इस दिलकश नजारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, मेले में सुरक्षा की दृष्टि से माकूल व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। वरिष्ठ पुलिस के अधिकारी लगातार गश्त के साथ नगर निगम के अधिकारी भी मेले का जायजा ले रहे थे।

# 'आप भी स्वयं लेट आते हैं इसलिए मैं भी लेट आता हूं'

**बेधड़क** | कोटा

विद्युत महकमे में एक कार्मिक के लेट आने पर उसके अधिकारी द्वारा दिए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार जयपुर डिस्कॉम कोटा संभाग के स्थानीय कार्यालय में सहायक मुख्य अभियंता जीएस बैरवा 14 जुलाई को कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति का औचक निरीक्षण करने सुबह 9:45 बजे पहुंचे। इस दौरान कई सारे कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

उन्होंने लगभग 60 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और जवाब मांगा। अधिकारी की ओर से भेजा गया कारण बताओ नोटिस जब ऑडिट विभाग में कार्यरत अजीत सिंह को मिला तो उन्होंने सोमवार को जो जवाब पेश किया वह प्रशासनिक गलियारों और लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। आर्मी कोटे से पिछले 4 साल से कार्यरत अजीत सिंह ने जवाब दिया कि 'आप स्वयं भी कभी समय पर नहीं आते, इसलिए मैं भी समय पर नहीं आता हूं। अजीत सिंह द्वारा दिया गया यह जवाब सोशल मीडिया सहित उनके विभाग में वायरल हो गया।

विभाग के कर्मियों का कहना था कि किसी अधिकारी को इस तरह का जवाब देना उसकी अवमानना करना है जो कि उचित नहीं है। इस पर जब अजीत सिंह से पूछा गया तो उसका कहना था कि उसका जवाब सही है और आप किसी से भी पूछ सकते हैं यह अधिकारी हमेशा ही लेट आते हैं।

## कानोड़िया कॉलेज: छात्राओं ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से किया संवाद

# स्टूडेंट्स ने समझा 'गांवों की सरकार' का वर्किंग कल्चर



**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने सोमवार को 'गांवों की सरकार' की कार्यप्रणाली को समझा। ग्राम पंचायतों के लिए काम करने के स्कोप को जानकर इनके माध्यम से ग्रामीण भारत को सुदृढ बनाने की परिकल्पना की जानकारी ली।

मौका था कानोड़िया कॉलेज में आयोजित 'ग्राम प्रतिनिधियों के साथ शहरी युवाओं का संवाद' कार्यक्रम का। कार्यक्रम में पहुंचे ग्राम प्रतिनिधियों ने कॉलेज की छात्राओं के विभिन्न सवालों के जवाब देकर उनकी कई शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों की मजबूती के साथ ही प्रशासन की छोटी इकाइयों को भी मजबूत करने का प्रयास सरकार को करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के डॉ. भीमराव अंबेडकर, राममनोहर लोहिया जैसे विचारकों ने जिस भावना के साथ ग्राम-प्रशासन को मजबूती देने के लिए कार्य किए थे, आज की सरकारों को उन्हीं भावनाओं को आगे रखते हुए नियम-कानून बनाने चाहिएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न क्रांतिकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की महती भूमिका है और महिलाओं को सक्षम बनाकर ही किसी समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पानाचंद जैन के मार्गदर्शन में हुआ। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि कॉलेज की ओर से छात्राओं को अनुभवजनित शिक्षण देने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा नेता श्याम अग्रवाल, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, सचिव विमल भाटिया, सदस्य संजीव सुरोलिया सहित कॉलेज स्टाफ व छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं से रूबरू होने के लिए 10 से अधिक सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी आदि पंचायतों के प्रतिनिधि पहुंचे। कार्यक्रम संचालन डॉ. शीताभ शर्मा ने किया।




### महिला सरपंचों के हाथ में ही है कमान

कार्यक्रम के दौरान सरपंच नीरू यादव, रामराज चौधरी व ग्राम विकास अधिकारी महावीर शर्मा छात्राओं से रूबरू हुए और उनके सवालों के जवाब दिए। छात्राओं का सबसे बड़ा सवाल था कि क्या महिला सरपंचों के पति या अन्य प्रतिनिधि उनका सारा काम संभालते हैं? इस सवाल के जवाब में सरपंच नीरू यादव ने कहा कि ऐसा नहीं है। पहले ऐसे हालात थे लेकिन अब गांवों में शिक्षा का स्तर बढ़ने से जो युवा महिला सरपंच बन रही हैं वे शिक्षित होती हैं। ऐसे में अधिकांश महिला सरपंच खुद पंचायत का काम संभालती हैं। हालांकि इसके अपवाद हो सकते हैं लेकिन अब गांवों में माहौल बदल चुका है। ग्राम विकास अधिकारी महावीर शर्मा ने छात्राओं को पंचायतों की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी और उनकी शंकाओं का समाधान किया।




### डॉ. निमिषा गौड़ की पुस्तकों का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक आचार्य डॉ. निमिषा गौड़ की पुस्तकों का विमोचन किया गया। डॉ. गौड़ ने अपनी पुस्तकों 'मनरेगा' और 'ग्राम सभा और वार्ड सभाः एक परिचय' में भारत की ग्रामीण सरकार की कार्यप्रणाली व योजनाओं पर प्रकाश डाला है। अितथियों ने डॉ. गौड़ के कार्य की सराहना की। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञाापित किया।

## सीयूईटी-यूजी रिजल्ट विवाद पर यूजीसी अध्यक्ष बोले...

# 'इक्वी पर्सेंटाइल' सिस्टम है पूरी तरह से निष्पक्ष



**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को कहा कि 'सीयूईटी-यूजी' के स्कोर के सामान्यीकरण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली 'इक्वी पर्सेंटाइल' पद्धति निष्पक्ष प्रणाली है, इसमें किस्मत की कोई भूमिका नहीं है। यह प्रणाली दशकों से विश्व में उपयोग में लाई जा रही है। दरअसल, देश के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) का परिणाम घोषित होने के बाद कई उम्मीदवारों ने सामान्यीकरण के कारण अपना स्कोर नीचे गिर जाने की शिकायत की है। इस मामले में जगदीश कुमार ने कहा कि पहले हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि हमें परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों के शामिल होने और विषयों को ध्यान में रखते हुए कई पारियों में इसका आयोजन करना पड़ा।उदाहरण के लिए अगर परीक्षा अर्थशास्त्र की है तब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के विशेषज्ञ विभिन्न पारियों में उपयोग में लाने के लिए अर्थशास्त्र के कई प्रश्न पत्र तैयार करते थे।

उन्होंने कहा कि हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद प्रत्येक पत्र में कठिनाई का स्तर एक दूसरे से थोड़ा भिन्न था। ऐसे में किसी छात्र द्वारा हासिल स्कोर की बजाय स्कोर का सामान्यीकरण करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से विभिन्न पारियों में कठिनाई के स्तर के आधार पर सामान्यीकरण के लिए 'इक्वी पर्सेंटाइल' पद्धति का उपयोग किया गया। कुमार ने कहा कि इस पद्धति का उपयोग दशकों से वैश्विक स्तर पर हो रहा है। यह निष्पक्ष प्रणाली है, जहां किस्मत की कोई भूमिका नहीं होती है।

गौरतलब है कि आवेदकों की संख्या के लिहाज से सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। इस वर्ष इस परीक्षा में 11 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठे थे। इस साल परीक्षा 21 मई से 5 जुलाई के बीच नौ चरणों में आयोजित की गई और पिछले साल के विपरीत यह तीन पारियों में आयोजित की गई।

# RO व EO भर्ती परीक्षा की आंसर की जारी




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी ग्रेड-चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा की मॉडल आंसर की जारी कर दी हैं। आंसर की आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की गई हैं।

मॉडल आंसर की पर कोई आपत्ति होने पर निर्धारित शुल्क के साथ 19 से 21 जुलाई रात 12 बजे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करवाई जा सकती है। आयोग के उप सचिव सुनील रांका ने बताया कि यह परीक्षा 14 मई को आयोजित की गई थी। आयोग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंसर की पर आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। आपत्ति स्टैंडर्ड व ऑथेंटिक पुस्तकों के प्रमाण सहित दर्ज करनी होगी। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाता है तो भी उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

## Yuva स्टोरीज



**बच्चों ने बताए जनसंख्या विस्फोट के नुकसान|**
सिरसी रोड स्थित ओरोबिंदो इंटरनेशनल स्कूल मे विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर नुक्कड़ नाटक के जरिए बच्चों ने जनसंख्या विस्फोट से होने वाले वैश्विक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने नाटक मंचन एवं कविताओं के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण के लाभ बताए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने बच्चों को जनसंख्या से जुड़े विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं बच्चों के कार्यक्रम को सराहा।




**पूर्व छात्रों ने लगाए कॉलेज परिसर में पौधे|**
खेतान पॉलीटेक्निक कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के सदस्यों ने कॉलेज परिसर में पौधे लगाए। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष जी पी शर्मा, प्रिंसीपल एस एम अली, विभिन्न विभागाध्यक्ष, कॉलेज के कई पूर्व तथा वर्तमान प्रोफेसर, एलुमनी एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश चंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर कॉलेज परिसर में जामुन, आम, आंवले के फलदार पेड़ लगाए गए। साथ ही इनकी देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एसोसिएशन अध्यक्ष जी पी शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से प्रति वर्ष पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है व लगाए गए पौधों की सार संभाल की जाती है। पिछले वर्षों में लगाए पौधेअब काफी बड़े हो गए हैं और शीघ्र ही उनसे फल प्राप्त होने लगेंगे। सचिव सचिन गोयल ने कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## REET लेवल-2: दो अगस्त तक चलेगी प्रक्रिया


# आज से डीईओ कार्यालयों में शुरू होगा डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रीट लेवल-2 के लिए डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन मंगलवार से किया जाएगा। प्रदेशभर में 18 जुलाई से 2 अगस्त तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालयों पर डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा।

लेवल-2 में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी अपने गृह जिले में दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों के गृह जिले में जिला शिक्षा अधिकारी नहीं बैठते उनके लिए नजदीक के जिलों में व्यवस्था की गई है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद 27 हजार पदों के लिए फाइनल रिजल्ट जारी कर अभ्यर्थियों को पोस्टिंग दी जाएगी।

यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट बीकानेर शिक्षा विभाग भेजेगा। यहां से फाइनल रिजल्ट के आधार पर उम्मीदवारों को पोस्टिंग दी जाएगी। लेवल-2 के शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर अपनी लॉगिन आईडी से खुद के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख का पता लगा सकेंगे। समस्या आने पर अभ्यर्थी अपने गृह जिले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं।



### ये रहेगा शेड्यूल

18 जुलाई से 22 जुलाई तक लेवल-2 इंग्लिश, 24 से 26 जुलाई तक विज्ञान और गणित, 27 से 29 जुलाई तक सामाजिक अध्ययन, 31 जुलाई से 2 अगस्त हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी और हिंदी सब्जेक्ट के अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफाई किए जाएंगे।

### लेवल-1 के अभ्यर्थियों को फिर से मौका

प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक कानाराम ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद जल्द से जल्द उम्मीदवारों को पोस्टिंग दे दी जाएगी। लेवल-2 के साथ लेवल-1 के भी जो अभ्यर्थी अब तक अपने डॉक्यूमेंट वेरिफाई नहीं करा सके हैं, उन्हें 18 जुलाई से 23 जुलाई तक एक बार फिर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने का मौका दिया जा रहा है। इसके बाद लेवल-1 की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

## रहीश चावला को पीएचडी



**जयपुर।** रहीश चावला को राजस्थान विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। चावला को यह उपाधि 'साइकोलॉजिकल कॉरेलेट्स ऑफ ऑक्यूपेशनल बर्नाउट अमंग नर्सिंग प्रोफेशनल' विषय पर किए गए उनके शोध कार्य के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. विश्वा चौधरी के निर्देशन में पूरा किया है।

## एम्पॉवरमेंट | सीसीएस नियाम का 8वां इनक्यूबेशन कार्यक्रम सम्पन्न

# 11 राज्यों के 30 एग्री-स्टार्टअप्स ने ली बिजनेस ट्रेनिंग

**बेधड़क** | जयपुर

कृषि के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न राज्यों के 30 स्टार्टअप्स ने अपनी 'स्टार्टअप जर्नी' को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न टर्म्स की ट्रेनिंग ली। चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (सीसीएस नियाम) की ओर से आयोजित 8वें इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के तहत इन स्टार्टअप्स को ट्रेनिंग दी गई।

इन्क्यूबेशन कार्यक्रम के तहत आयोजित एक सप्ताह के शिविर में देश के 11 राज्यों के 30 स्टार्टअप्स ने भाग लिया था। कार्यक्रम के समापन समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव विपणन आईएएस फैज अहमद किदवई ने कहा कि कृषि स्टार्टअप्स को पूरे समर्पण के साथ अपनी स्टार्टअप यात्रा को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे भारतीय कृषि की सबसे जटिल समस्याओं को हल करते हैं। इन स्टार्टअप्स के आइडिया कृषि के क्षेत्र की समस्याओं को दूर कर कृषकों की मदद करते हैं और उन्हें मजबूती देने में सहायक बनते हैं।

सीसीएस नियाम के महानिदेशक डॉ. रमेश मित्तल ने बताया कि इस इनक्यूबेशन कार्यक्रम के दौरान स्टार्टअप्स को वित्त, मार्केटिंग, आईपीआर, डिजिटल मार्केटिंग, मार्केट रिसर्च, बिजनेस मॉडल कैनवस, आइडिया सत्यापन, उत्पाद विकास, बाजार रणनीति, ब्रांडिंग, वस्तु एवं सेवा कर, आयकर, स्टार्टअप मूल्यांकन, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स मार्केटिंग आदि पर विभिन्न सत्रों में कोचिंग दी गई।

विशेषज्ञों ने कृषि स्टार्टअप्स के लिए विशेष रूप से तैयार अपने कोर्स मॅटीरियल से प्रतिनिधियों को विशेष ट्रेनिंग दी। गौरतलब है कि सीसीएस नियाम कृषि स्टार्टअप्स को प्रमोट करने वाली अग्रणी संस्था है जिसके द्वारा एग्रीप्रेन्योरशिप व एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन के प्रोग्राम चलाए जाते हैं। साथ ही एग्री स्टार्टअप्स को ब्रांडिंग, पीआर, बिजनेस व फाइनेंसियल मॉडल डेवलपमेंट, मेंटरिंग, फंडिंग, इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी डेवलपमेंट, नेटवर्किंग, पिच डेक प्रिपरेशन सहित विभिन्न स्तरों पर सहयोग मुहैया कराया जाता है।






### ये हैं सीसीएस नियाम के बेंचमार्क

- 500+ स्टार्टअप्स का इन्क्यूबेशन
- 160+ स्टार्टअप्स का रिकमंडेशन ग्रांट इन ऐड के लिए
- 18 cr.+ रुपए की ग्रांट इन ऐड दिलाने में भूमिका
- 50+ आई पी जेनरेशन
- 400+ प्रोडक्टस का डवलपमेंट व कॉमर्शियलाइजेशन

समान नागरिक संहिता पर राष्ट्रीय बहस

# निगाहें कहीं... निशाना कहीं और


तनवीर जाफ़री
स्वतंत्र टिप्पणीकार



> समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड का आशय पूरे देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून लागू करना है। यानी समान नागरिक संहिता का अर्थ होता है भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होना। चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ग, समुदाय या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता लागू होने से सभी धर्मों का एक कानून होगा। शादी, तलाक, गोद लेने और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। जबकि समान नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ देश में रहने वाले किसी भी वर्ग व समुदाय विशेष के लोगों के लिए उनके वर्ग समुदाय के अनुसार एक जैसे कानून लागू करना।

चु इन दिनों देश में यूसीसी अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बहस जारी है। यह बहस ऐसे समय में छिड़ी है जबकि लगभग 9 महीने बाद देश में आम लोकसभा चुनाव की घोषणा की जानी है। यूसीसी भारतीय जनता पार्टी के उन्हीं तीन प्रमुख चुनावी वादों में से एक है जिन्हें भाजपा ने एक दूरगामी रणनीति के तहत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1996 में पहली बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनते समय ठंडे बस्ते में डाल दिया था और न्यूनतम सांझा कार्यक्रम के आधार पर एक गैर कांग्रेसी राजग सरकार का गठन किया था। परन्तु 2019 के लोकसभा चुनावों में जैसे ही भारतीय जनता पार्टी अपने पूर्ण बहुमत पर पहुंची और 303 सीटों पर जीत हासिल की तथा भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं।

वैसे ही भाजपा अपने उन मूल मुद्दों को पूरा करने में जुट गई। इनमें पहला अयोध्या मंदिर निर्माण मुद्दा तो अदालती फैसले के आधार पर निर्णायक नतीजे पर पहुंच गया। जबकि 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 हटाकर भाजपा ने अपना दूसरा मूल मुद्दा भी हल कर लिया। अब जबकि विभिन्न राज्यों व केंद्र के चुनाव निकट भविष्य में होने वाले हैं, भाजपा ने अपने तीसरे यानी समान नागरिक संहिता के मुद्दे को हवा देनी शुरू कर दी है। वैसे भी समान नागरिक संहिता केंद्र की मौजूदा सत्ताधारी भाजपा के लिए जनसंघ के समय से ही प्राथमिकता वाला एजेंडा रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर UCC को लागू करने का वादा करने वाली पहली पार्टी थी और यह मुद्दा उसके 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र का प्रमुख हिस्सा भी था।

ऐसे में अब यहां पहला प्रश्न यह है कि जिस समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड की बात भाजपा दशकों से करती आ रही है उसमें और इस समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) की चर्चा इन दिनों छिड़ी हुई है इनमें अंतर क्या है? मोटे तौर पर समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड का आशय पूरे देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून लागू करना है। यानी समान नागरिक संहिता का अर्थ होता है भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान कानून होना। चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ग, समुदाय या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता लागू होने से सभी धर्मों का एक कानून होगा। शादी, तलाक, गोद लेने और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। जबकि समान नागरिक संहिता अर्थात यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ देश में रहने वाले किसी भी वर्ग व समुदाय विशेष के लोगों के लिए उनके वर्ग समुदाय के अनुसार एक जैसे कानून लागू करना।

> *यूसीसी की चर्चा महज एक समुदाय विशेष को उद्वेलित करने का प्रयास है या इसके पीछे सरकार की मंशा कुछ और है। इस बात का सही अंदाजा तभी लग सकेगा जब इसका ड्राफ्ट सार्वजनिक होगा। इसके पहले किसी भी समुदाय का आशंकित या उद्वेलित होना हरगिज मुनासिब नहीं। संभव है कि इसी मुद्दे के बहाने राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों की निगाहें कहीं हों और निशाना कहीं और।*

कहा जा रहा है कि यूसीसी का तात्पर्य देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना है जो धर्म पर आधारित नहीं है। परन्तु इसकी वास्तविक व विस्तृत परिभाषा क्या होगी यह तभी पता चल सकेगा जब इसका पूरा ड्राफ्ट सामने आएगा। गोया बावजूद इसके कि इसका ड्राफ्ट अभी तक तैयार होने की कोई सूचना नहीं है फिर भी उम्मीद है कि इसमें वर्ग के अनुसार एक वर्ग, एक समुदाय या एक सम्प्रदाय के लिए अलग-अलग कानून होने की संभावना है। इसलिए यूनिफॉर्म सिविल कोड विषय को लेकर छिड़ी इस बहस में शोर और विवाद तो बहुत हैं, परन्तु सीसीसी या यूसीसी के अंतर को लेकर अभी भी अनेक भ्रांतियां भी बनी हुई हैं। राष्ट्रीय विधि आयोग ने देश की संस्थाओं व आम नागरिकों से गत 14 जून को इस विषय पर सुझाव मांगे थे। पिछले दिनों आयोग की ओर से मांगे गए सुझाव की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। अब 28 जुलाई तक समान नागरिक संहिता को लेकर भारतीय नागरिक अपने सुझाव आयोग की वेबसाइट पर दे सकेंगे। विधि आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार समान नागरिक संहिता विषय पर जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद इस तिथि को बढ़ा दिया गया है। इसके लिए समय बढ़ाने को लेकर भी विभिन्न क्षेत्रों से अनुरोध मिल रहे थे।

ऐसे में आयोग ने संबंधित हितधारकों से विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए समय सीमा को दो सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। परन्तु विधि आयोग द्वारा ऑनलाइन मांगे जा रहे इन सुझावों में एक पेंच यह भी है कि देश की आधी से अधिक आबादी को शायद अभी तक यह भी पता नहीं होगा कि यूसीसी है क्या और देश में इस समय यूसीसी नामक किसी विषय को लेकर कोई बहस छिड़ी हुई है। जिन्हें मालूम भी है वे अपनी रोजी-रोटी कमाने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें इस बहस में पड़ने या सुझाव देने की फुर्सत ही नहीं। हां एक विशेष पूर्वाग्रही वर्ग ऐसा जरूर है जो वाट्सऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिन-रात सक्रिय है और वह बाकायदा वीडियो बनाकर लोगों को यह बता रहा है कि किस तरह विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह लिखा जाए कि वे यूसीसी का समर्थन करते हैं। प्रचारित तो यह किया जा रहा है कि यूसीसी मुस्लिम विरोध में लाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों में इसे लेकर बेचैनी भी दिखाई दे रही है। परन्तु यह प्रचार भी निराधार है। नगालैंड, मेघालय, पंजाब व तमिलनाडु के लोगों ने और झारखंड व मध्य प्रदेश के दर्जनों आदिवासी संगठनों ने विधि आयोग के सामने यूनिफॉर्म सिविल कोड के विचार को वापस लेने की मांग की है। इन आदिवासी संगठनों का मानना है कि यूसीसी के कारण आदिवासियों की पहचान खतरे में पड़ जाएगी।

हमारे देश में ही हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में भी कई आदिवासी समाजों में व दक्षिण भारत तथा उत्तर पूर्व की कई जनजातियों में बहुपतित्व प्रथा अभी भी जारी है। हिमाचल के किन्नौर के लोगों का मानना है कि यह प्रथा महाभारत के समय से चली आ रही है। इसके एक ही परिवार के सभी भाइयों द्वारा एक ही महिला से विवाह किया जाता है। इसके पीछे कारण यह बताया जाता है कि वनवास के दौरान जब पांडवों का अज्ञातवास था, तब पांडव द्रौपदी के साथ यहां छिपे हुए थे। इसके पीछे की वजह परस्पर पारिवारिक प्रेम और संपत्ति के बंटवारे से सुरक्षा भी है। इसी तरह मेघालय राज्य में शिलॉन्ग के निकट 'एशिया के सबसे स्वच्छ गांव' के नाम से मशहूर मावलिननांग व उसके आस-पास के गांव में प्रचलित प्रथा के अनुसार यहां परिवार की मुखिया महिला होती है और संपत्ति भी परिवार की सबसे छोटी बेटी के नाम की जाती है।

इस तरह के अनेकानेक रूढ़ियां व परम्पराएं अनेकता में एकता रखने वाले इस भारत महान देश में विभिन्न धर्मों, समुदायों व जातियों में अनेक क्षेत्रों में देखी जा सकती हैं। ऐसे में यूसीसी की चर्चा महज एक समुदाय विशेष को उद्वेलित करने का प्रयास है या इसके पीछे सरकार की मंशा कुछ और है। इस बात का सही अंदाजा तभी लग सकेगा जब इसका ड्राफ्ट सार्वजनिक होगा। इसके पहले किसी भी समुदाय का आशंकित या उद्वेलित होना हरगिज मुनासिब नहीं। संभव है कि इसी मुद्दे के बहाने राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों की निगाहें कहीं हों और निशाना कहीं और? और वे केवल यह बहस छेड़कर ही समुदाय विशेष के लोगों में उत्तेजना फैलाने मात्र से ही अपना वोट बैंक फतह करना चाह रहे हों?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**व्यंग्य**

# हाय रे लाल टमाटर!


पूरन सरमा
व्यंग्यकार

घर की काम वाली बाई ने बताया कि बड़ी मण्डी में टमाटर बीस रुपए किलो बिक रहा है तो मुंह में पानी आ गया, क्योंकि पिछले पंद्रह दिनों से सलाद में टमाटर गायब था। मैंने बच्चे से कहा-'यार टिंकू, गाड़ी निकाल मण्डी से टमाटर लाएंगे।' वह बोला-'पापा, टमाटर में गाड़ी क्या करेगी? अपनी स्कूटी ले जाओ और ले आओ टमाटर। कोई गाड़ी भरकर टमाटर थोड़े ही लाना है। एक थैले में आ जाएगा टमाटर।'

मैं बोला-'तू समझता नहीं, अस्सी रुपए किलो का टमाटर है। मण्डी में भीड़-भाड़ रहती है। थैला हाथ से छूट गया या गाय ने सींग मार दिया तो टमाटर खरीदना, नहीं खरीदना बराबर हो जाएगा।' मन मारकर वह तैयार हो गया। मण्डी पहुंचे तो एक सब्जी विक्रेता के पास सड़ा-गला सा टमाटरों का ढेर देखा तो, वही टमाटर सलादी और रसदार लगा। मैंने भाव पूछा तो विक्रेता ने बताया कि टमाटर पचास रुपए लगा देंगे। मैंने मन में सोचा- चलो तीस रुपए किलो का फायदा है।

सब्जी और सलाद के लिए यह बुरा नहीं है। बच्चा मेरी बात समझ गया, बोला-'क्या ले रहे हैं पापा। ये सड़े हुए टमाटर हैं। बदबू मार रहे हैं, आगे चलो ताजा टमाटर लेंगे। मैंने कहा भी कि यार पचास में बुरे नहीं है। वह नहीं माना, हम आगे बढ़े तो टमाटर गायब था। पचासों दुकानों पर उसे तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। मैं बोला-'टिंकू, मैंने कहा नहीं था, वहीं से ले लो। वही ठीक है। अब पता नहीं वह भी मिलेगा या नहीं?' थक-हार कर हम दोनों फिर उसी दूकान पर आ गए। टमाटरों को जस का तस देखकर मन को तसल्ली हुई।

मैंने कहा-'भाई पांच किलो तोल दो।' बच्चा बोला-'पांच दिन में इससे घर की हालत दुर्गन्ध के कारण बहुत बुरी होगी। क्योंकि यह पहले ही सड़ा हुआ है। चार-पांच दिनों में तो यह और सड़ जाएगा।' मैंने कहा-'अस्सी का पचास में मिल रहा है, गाड़ी लेकर आए हैं। पेट्रोल का खर्चा पांच किलो में ही निकलेगा। नहीं होने से तो काना मामा ही भला होता है।'

यह कहकर मैंने पांच किलो तुलवा कर थैले में भरा और सावधानी से गाड़ी में धर दिया। सीना गर्व से फूला जा रहा था कि आज तो सलाद में टमाटर होगा। सामान्य आदमी के लिए टमाटर सेव की जगह होता है। टमाटर का थैला घर में लाकर रखा तो पत्नी ने नाक बंद कर ली और बोली-'क्या लाए हो। जिससे दिमाग तक सड़ गया है। बच्चे ने ही जवाब दिया-'सड़ा हुआ टमाटर।' पत्नी ने थैला खोला तो दुर्गन्ध और फैली और वह बोली-'इससे तत्काल बाहर कूड़ेदान में डालो, वरना सारा घर बीमार हो जाएगा।' मैंने कहा भी -'भागवान यह क्या कर रही हो? पचास रुपए किलो का है।

पूरी मण्डी छान मारी एक दुकानदार के यहां ही था। वह ले आया। अब इसे सब्जी में काम ले लो।' पत्नी गुस्से में भुनभुनायी-'आप का तो दिमाग सड़ गया है। नाक में घ्राण शक्ति रही नहीं और ले आए यह सड़ा-गला।' यह कहकर उसने पूरा थैला बाहर कूड़ेदान में उड़ेल दिया और राहत की सांस ली और मैंने लम्बी सांस लेकर यही कहा-'हाय रे मेरे लाल टमाटर।' टिंकू लगातार हंसे जा रहा था। मैंने कहा-'अब देखता हूं क्या खाओगे सलाद में?' उसने कहा-'हम बिना सलाद के खा लेंगे, लेकिन उफ! आपके इस सड़े टमाटर से तो बचे।' मैं गुस्से में ऑफिस जाने की तैयारी में जुट गया, बाहर से टमाटरों की गंध अभी भी मेरे नथुनों को राहत दे रही थी।

---


**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
मणिपुर जल गया, यूरोपियन संसद में भारत के आंतरिक मामले पर चर्चा, पीएम ने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा! इस बीच, राफेल ने उन्हें बैस्टिल डे परेड का टिकट दिला दिया


**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हमारी बेटियां सुरक्षा व सम्मान की हकदार हैं। बलात्कार की घटनाएं सभ्य समाज के लिए कलंक हैं। ऐसे जघन्य कृत्य की जितनी निंदा की जाए कम है परन्तु भाजपा नेता हमेशा ऐसी घटनाओं की निंदा करने की बजाय राजनीतिक स्वार्थपूर्ति हेतु सरकार पर झूठे आरोप लगाने लग जाते हैं।


**अरविंद केजरीवाल**, मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
दिल्ली के लोगों के साथ खड़े रहने के लिए खड़गे जी को धन्यवाद। यह अध्यादेश भारत विरोधी और राष्ट्र विरोधी है और इसका डटकर मुकाबला किया जाना चाहिए।


**अरुण गोविल**, अभिनेता
@arungovil12
तैयारी जितनी मजबूत होती है, सफलता उतनी ही भरपूर मिलती है।


**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप अपनी ऊर्जा को उल्लासपूर्ण और केंद्रित रखेंगे तो आपको जो भी चाहिए वह घटित होगा।

---


**नॉलेज कॉर्नर: इसके बिना अपंग हैं सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस**

# कंप्यूटर-मोबाइल का मस्तिष्क 'प्रोसेसर'

कंम्प्यूटर एक ऐसी डिवाइस है जिसमें कई प्रकार की छोटी-छोटी मशीनें लगी होती हैं। इसी की एक इकाई का नाम प्रोसेसर है। प्रोसेसर के बिना कंम्प्यूटर अपंग की तरह होता है। यह न केवल कंम्प्यूटर में बल्कि मोबाइल डिवाइस में भी लगा होता है। हम जब भी बाजार में मोबाइल फोन खरीदने जाते हैं, या ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं तब सबसे पहले प्रोसेसर चैक करते हैं। यानि कहा जा सकता है कि जिस डिवाइस का प्रोसेसर जितना बेहतर होगा वह उतना ही अच्छा प्रदर्शन करेगा। इसलिए प्रोसेसर को कंम्प्यूटर और मोबाइल डिवाइस का मस्तिष्क कहा जाता है।इस बारे में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## क्या है प्रोसेसर

दरअसल प्रोसेसर एक चिप की तरह होती है, जो मोबाइल फोन या कंम्प्यूटर को इस्तेमाल करते वक्त कमांड देती है। यह कह सकते हैं कि इसके बिना डिवाइस काम करना बंद कर देते हैं। ऐसे में कई कंम्प्यूटर विशेषज्ञों का मानना है कि प्रोसेसर जितना तेज होगा, वह उतनी ही तेजी से काम करेगा। मोबाइल फोन में इसका उपयोग तेज गति से मल्टी टास्किंग काम करने जैसै- गेमिंग, फोटो और वीडियो बनाने में काम आता है। इसकी परफॉरमेंस को हट्र्ज, किलोहट्र्ज, मेगाहट्र्ज और



गीगाहट्र्ज के रूप में मापा जाता है। डिवाइस का प्रोसेसर जितना तेज गति से कार्य करेगा उसकी कीमत उतनी ही ज्यादा होगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है, जैसे- जिस मोबाइल फोन में 700-800 मेगाहट्र्ज तक के प्रोसेसर लगे होते हैं, वह सस्ते होते हैं। शुरुआत में 400 से 500 मेगाहट्र्ज तक प्रोसेसर के डिवाइस उपलब्ध होते हैं। जैसे-जैसे यह गीगाहट्र्ज तक पहुंचे इनकी कीमत बढ़ती गई।

## गीगाहट्र्ज में माप

प्रोसेसर को सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट यानी सीपीयू के रूप में भी जाना जाता है। एक प्रोसेसर लाखों ट्रांजिस्टर से बना होता है। इसकी गति गीगाहट्र्ज में मापी जाती है। प्रोसेसर का आविष्कार वर्ष 1971 में किया गया था। इंटेल कॉर्पोरेशन के सह-संस्थापक रॉबर्ट नोयस और इंजीनियर टेड हॉफ इसके आविष्कारक थे। इस एकल चिप में कंप्यूटर के सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट के सभी कार्यों को सिलिकॉन के एक टुकड़े पर एकीकृत किया गया था। नोयस और हॉफ द्वारा बनाए गए प्रोसेसर को इंटेल 4004 नाम दिया गया, जिसे Busicom नामक कैलकुलेटर कंपनी के लिए बनाया गया था।

**कंम्प्यूटर व मोबाइल में भिन्न प्रोसेसर**

*प्रोसेसर दो प्रकार के होते हैं- इंटेल और एएमडी। इंटेल प्रोसेसर का उपयोग डेस्कटॉप और लैपटॉप के लिए किया जाता है, जबकि AMD प्रोसेसर का उपयोग सर्वर, वर्क स्टेशन और उच्च प्रदर्शन वाले कंम्प्यूटर में किया जाता है। मोबाइल डिवाइस में क्वालकॉम, सैमसंग और मीडियाटेक प्रोसेसर का उपयोग होता हैं।* कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**कांग्रेस का सियासी प्रहार:** राजग की बैठक पर कसा तंज, कहा...

# विपक्ष की एकजुटता के डर से 'राजग के भूत' में जान फूंकने का प्रयास

एजेंसी | बेंगलुरु



कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों की एकजुटता भारत के राजनीतिक परिदृश्य के लिए परिवर्तनकारी साबित होगी तथा जो लोग अकेले दम पर विपक्षी पार्टियों को हरा देने का दंभ भरते थे, वे इन दिनों 'राजग के भूत' में नई जान फूंकने की कोशिश में लगे हुए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को एकाएक राजग की याद आ गई है। रमेश ने राजग की बैठक को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले राजग की कोई बात ही नहीं होती थी और कुछ दिनों से हम अचानक इसके बारे में पढ़ और सुन रहे हैं। खबरें है कि मंगलवार को राजग की एक बैठक बुलाई गई है, तो जो राजग भूत बन गया था अब उसमें नई जान फूंकने की कोशिश की जा रही है। यह पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक का नतीजा है। इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि जो शासन में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं और जिन्होंने लोगों को झूठे वादों से ठगा है, उन्हें वक्त आने पर लोग सबक सिखाएंगे।

वेणुगोपाल ने कहा कि जो अब तक ये कह रहे थे कि हम अकेले पूरे विपक्ष को आसानी से हरा देंगे, वे अब हमारी पटना बैठक के बाद खुद बैठकें शुरू कर रहे हैं... यही विपक्षी एकता की वास्तविक सफलता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र, संवैधानिक अधिकारों तथा संस्थाओं की स्वतंत्रता की रक्षा के साझा मकसद से साथ हैं।उन्होंने राकांपा में अजित पवार की बगावत का जिक्र करते हुए कहा, महाराष्ट्र का घटनाक्रम भी यही दिखाता है। वे एजेंसियों का इस्तेमाल करके निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करना चाहते हैं।

वेणुगोपाल ने कहा कि पिछले 75 दिन से मणिपुर 'जल' रहा है और ऐसे में 'प्रधानमंत्री की खामोशी' हैरान करने वाली है। उन्होंने बेरोजगारी तथा बढ़ती मंहगाई का जिक्र करते हुए कहा कि देश की जनता बेहद परेशान है लेकिन सरकार आम आदमी की चिंताओं को दूर करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रही है।

### जांचा परखा खरा गठबंधन: नकवी

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने विपक्षी दलों की बैठक को लेकर कटाक्ष करते हुए सोमवार को कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला 'जांचा-परखा गठबंधन' है तो दूसरी तरफ 'कांग्रेस की बेवफाई वाला बंधन' है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस के हाथ में 'बेवफाई का खंजर' भी है जिससे क्षेत्रीय दलों को सावधान रहना चाहिए। नकवी ने कहा कि सपना एक, मुंगेरी अनेक के अंतर्विरोध के अखाड़े में एकता का नगाड़ा टांय-टांय फिस्स होगा।

### एस. जयशंकर राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित



**अहमदाबाद।** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन उम्मीदवारों को सोमवार को गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जयशंकर के अलावा, छह साल के कार्यकाल के लिए संसद के उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए भाजपा के दो अन्य उम्मीदवारों में केसरीदेवसिंह झाला और बाबूभाई देसाई शामिल हैं।यह जयशंकर के लिए भाजपा शासित गुजरात से राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल होगा। राजनयिक से नेता बने जयशंकर वर्ष 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किये गए थे। रिटर्निंग ऑफिसर रीता मेहता ने कहा कि तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

### उत्तर प्रदेश: पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान भाजपा में शामिल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और सपा से त्यागपत्र देने वाले दारा सिंह चौहान ने सोमवार को यहां भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। चौहान को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई। चौहान ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपा था। इससे पहले, चौहान ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में वन मंत्री से इस्तीफा देकर सपा की सदस्यता ग्रहण की और घोसी विधानसभा सीट से वह सपा के टिकट पर निर्वाचित हुए।

**भाजपा दिखाएगी सत्तारूढ़ गठबंधन की ताकत**

# राजग की बैठक आज, नए बने सहयोगी दल भी होंगे शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन मंगलवार को अपने घटक दलों की एक बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। बेंगलुरु में विपक्षी दलों के एकजुट होने के बीच भाजपा की ओर से बुलाई गई यह बैठक सत्तारूढ़ गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही है।

यहां होने वाली राजग की बैठक में भाजपा के कई मौजूदा और नए सहयोगी दल मौजूद रहेंगे। सत्तारूढ़ पार्टी ने हाल के दिनों में नए दलों को साथ लेने और गठबंधन छोड़कर जा चुके पुराने सहयोगियों को वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत की है। बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधि होंगे और राजग की ताकत का प्रदर्शन करेंगे।

### नड्डा ने भेजा निमंत्रण

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नए सहयोगी दलों को बैठक में उपस्थिति के लिए निमंत्रण भेजा है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्तारूढ़ दल के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। तमिलनाडु की अन्नाद्रमुक और आंध्र प्रदेश से पवन कल्याण की जन सेना के भी बैठक में मौजूद रहने की संभावना है।

### कुछ पार्टियां छूटी, कुछ साथ आईं

जनता दल (यूनाइटेड), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अकाली दल जैसे अपने कई पारंपरिक सहयोगियों को खोने के बाद, भाजपा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, राकांपा के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट, उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) और जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) तथा उपेंद्र कुशवाला के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के साथ गठबंधन करने में सफल रही है।

### राजग के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राजग की मंगलवार को होने वाली बैठक से एक दिन पहले कहा कि आज राजग के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है। यह एक आदर्श गठबंधन है। यह सत्ता के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए गठबंधन है। यह गठबंधन भारत को मजबूत बनाने के लिए है। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजग की मंगलवार शाम होने वाली बैठक में 38 दलों ने शामिल होने की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि राजग ने यह बैठक ऐसे समय में बुलाई है, जब बेंगलुरू में करीब 26 विपक्षी पार्टियां आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करने की रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को बैठक करने वाली हैं।



### चिराग पासवान भी अब राजग में शामिल

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोमवार को यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बाद में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पासवान के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने की घोषणा की। शाह से मुलाकात के बाद के बाद चिराग पासवान ने एक ट्वीट में कहा, सोमवार को नई दिल्ली में देश के गृह मंत्री अमित शाह से गठबंधन के मुद्दों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। उनके इस ट्वीट से संकेत है कि चिराग पासवान मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक में भाग लेंगे। चिराग के पिता और दिवंगत दलित नेता रामविलास पासवान के नेतृत्व में अविभाजित लोजपा ने 2019 में छह लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ा था और भाजपा के साथ सीट के बंटवारे के तहत उसे राज्यसभा की एक सीट भी मिली थी। युवा नेता चिराग चाहते हैं कि उनकी पार्टी में विभाजन के बावजूद भाजपा, उसी व्यवस्था पर कायम रहे। लोजपा में विभाजन के बाद बने दूसरे गुट राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस हैं, जो सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा हैं।

**तमिलनाडु:** छापों पर सियासी वार

# मंत्री व उनके सांसद बेटे पर ईडी के छापे



एजेंसी | चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय ने कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में सोमवार को द्रमुक के नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी तथा उनके बेटे एवं सांसद गौतम सिगमनी के परिसरों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि राजधानी चेन्नई के अलावा पोनमुडी के गढ़ विल्लुपुरम में परिसरों पर तलाशी ली गई।

सत्तारूढ़ द्रमुक ने छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी ने मंत्री के परिसर से करीब 70 लाख रुपए और कुछ पौंड बरामद किए हैं। तमिलनाडु के परिवहन मंत्री सेंथिल बालाजी के बाद पोनमुडी (72)मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के मंत्रिमंडल के दूसरे मंत्री हैं, जो जांच एजेंसी के दायरे में आए हैं। इससे पहले जून में बालाजी को कथित नौकरी के बदले नकद धन राशि से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सशस्त्र जवानों की मौजूदगी में ईडी ने कार्रवाई को अंजाम दिया और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

### ईडी चुनाव अभियान में शामिल: स्टालिन

छापेमारी पर द्रमुक के अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि ईडी 'चुनाव अभियान' में शामिल हो गई है। कांग्रेस की ओर बुलाई गई विपक्ष की बैठक में बेंगलुरु रवाना होने से पहले स्टालिन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दिवंगत जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक सरकार में 13 साल पहले पोनमुडी के खिलाफ यह 'झूठा मामला' दर्ज किया गया था।स्टालिन ने कहा, जहां तक तमिलनाडु का सवाल है, राज्यपाल आर एन रवि पहले से ही चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अब ईडी भी इसमें शामिल हो गई है। मुझे लगता है कि ऐसे में हमारे लिए चुनाव कार्य आसान हो जाएगा।है। यह ध्यान भटकाने के लिए रचाया गया 'नाटक' है।

**पंजाब:** राज्यपाल ने मान से कहा...

# जून में आहूत विशेष सत्र कानून का उल्लंघन था

एजेंसी | चंडीगढ़





पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा कि उनका मानना है कि पिछले माह आयोजित विधानसभा का दो-दिवसीय सत्र कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन था।

पुरोहित ने अपने पत्र में कहा है कि वह उक्त सत्र के दौरान पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने पर विचार कर रहे हैं। पुरोहित का यह जवाब मान की उस अपील के दो दिन बाद आया है, जिसमें मुख्यमंत्री ने सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक, 2023 पर हस्ताक्षर करने का राज्यपाल से अनुरोध किया था। यह विधेयक उन चार विधेयकों में शामिल है, जिन्हें 19 और 20 जून को आयोजित विशेष सत्र में पारित किया गया था।

**जदयू नेता कुमारस्वामी की दो टूक...**

# भाजपा के साथ गठबंधन की बात करना अभी जल्दबाजी

एजेंसी | बेंगलुरु



जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी और भाजपा के बीच गठबंधन की बात करना जल्दबाजी है।

कुमारस्वामी ने यहां विपक्षी दलों की बैठक को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर दिखाने की कोशिश कर रही है, जबकि कर्नाटक में उसकी सरकार को किसानों के आत्महत्या करने की घटनाओं की कोई चिंता नहीं है। संसदीय चुनावों के लिए जद (एस) के भाजपा के साथ हाथ मिला सकने की खबरों को लेकर कुमारस्वामी ने कहा, लोक सभा चुनावों में अभी आठ-नौ महीने हैं। देखते हैं। कुमारस्वामी ने कांग्रेस का जिक्र किए बिना कहा कि विपक्ष की बैठक को लेकर यहां सड़कों पर बैनर लगाए गए हैं और वे यह दिखाना चाहते हैं, जैसे कि उन्होंने कोई ऐसी बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है, जो पहले कोई नहीं कर पाया। कांग्रेस इस भ्रम में है कि जद (एस) समाप्त हो गई है। राज्य की 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए मई में हुए चुनाव में कांग्रेस ने 135, भाजपा ने 66 और जद (एस) ने 19 सीट जीती थीं।

### बेटे के साथ पहुंची असेंबली



*मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को शुरू होने पर राकांपा के अजित पवार गुट की विधायक सरोज अहिरे अपने पुत्र को गोद में लेकर सदन की बैठक में भाग लेने के लिए विधान भवन पहुंची।*

**सियासी उलटबांसी: राकांपा में एकता की गुहार**

# दो दिन में दूसरी बार अजित की शरद से मुलाकात, 15 MLA भी थे साथ

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उनके समर्थक 15 विधायकों ने सोमवार को मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि पार्टी एकजुट रहे।

दो जुलाई को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार और उनके समर्थक विधायकों की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख के साथ दो दिन में यह दूसरी बैठक है। बैठक में शामिल राज्यसभा सदस्य प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह और अजित पवार मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की बैठक में शामिल होंगे।

पटेल ने कहा, शरद पवार के साथ सोमवार को हुई बैठक में हमने उनसे फिर यह सुनिश्चित करने को कहा कि राकांपा एकजुट रहे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जो विधायक (अजित पवार गुट के) रविवार को हुई बैठक के दौरान शरद पवार से नहीं मिल सके थे, वे सोमवार की मुलाकात में शामिल थे।

### मानसून सत्र: कांग्रेस विधायकों की सरकार के खिलाफ नारेबाजी




महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र से पहले, विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ सोमवार को नारेबाजी की। पूर्व मंत्री यशोमति ठाकुर और मुंबई कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़ की अगुवाई में विधायक विधान भवन की सीढ़ियों पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) से केवल अंबादास दानवे इस प्रदर्शन में उपस्थित थे। वह राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता भी हैं। प्रदर्शन में शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा से कोई विधायक मौजूद नहीं था। विपक्षी खेमे में शामिल शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने विधानसभा के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को महाराष्ट्र सरकार की ओर से आयोजित चाय पार्टी का बहिष्कार किया था।

### राकांपा के कई विधायक पहले दिन रहे अनुपस्थित

**मुंबई।** राकांपा के 53 में से 27 विधायक सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन अनुपस्थित रहे। राकांपा के एक विधायक नवाब मलिक धन शोधन के मामले के संबंध में न्यायिक हिरासत में हैं। सत्र में भाग लेने वाले राकांपा के 24 विधायकों में से उपमुख्यमंत्री अजित पवार, कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुसरिफ, अदिति तटकरे, संजय बनसोडे, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल और धर्मराव आत्राम सत्तारूढ़ पक्ष के लिए निर्धारित सीटों पर बैठें। जिन विधायकों ने अजित पवार को समर्थन दिया है और जो सदन में उपस्थित रहे उनमें बबनराव शिंदे, इंद्रनील नाइक, प्रकाश सोलंखे, किरण लहामाते, सुनील शेल्के और सरोज आहिरे शामिल हैं। राकांपा (शरद पवार खेमे से) प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, विधायक बालासाहेब पाटिल, प्राजक्त तनपुरे, सुनील भुसारा, मानसिंग पवार, सुमन पाटिल, रोहित पवार, राजेश टोपे, अशोक पवार और अनिल देशमुख विपक्षी खेमे में बैठें। राकांपा (शरद पवार गुट) के मुख्य सचेतक जितेन्द्र आव्हाड ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक पत्र लिखकर अजित पवार खेमे के सदस्यों तथा पार्टी के अन्य विधायकों के लिए इस सत्र के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था।

## जरूरी खबर

### जैन मुनि की हत्या: CBI जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में एक जैन मुनि की हत्या के विरोध में जैन समुदाय के सदस्यों ने सोमवार को यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया और मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच की मांग की। जैन मुनि आचार्य श्रीकामकुमार नंदी महाराज की इस महीने की शुरुआत में बेलगावी जिले में हत्या कर दी गई थी। उनके शरीर के कटे हुए हिस्से जिले के चिक्कोडी तालुक स्थित एक गड्ढे में मिले थे। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बारे में पुलिस को संदेह है कि यह पैसे के विवाद से जुड़ा हुआ है। जंतर-मंतर पर एकत्र हुए लोगों को संबोधित करते हुए जैन मुनि चारुकीर्ति स्वामी ने कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं है। वे चाहते हैं कि पार्टियां एकसाथ आएं और इस मामले में उन्हें न्याय दिलाने में मदद करें।

### चंद्रयान-3: ऊपरी कक्षा में पहुंचने की दूसरी प्रक्रिया पूरी



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के ऊपरी कक्षा में पहुंचने की दूसरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसरो ने सोमवार को कहा, अंतरिक्ष यान अब 41603 किलोमीटर X (गुणा) 226 किलोमीटर की कक्षा में है। अगला चरण मंगलवार अपराह्न दो बजे से तीन बजे के बीच प्रस्तावित है। चंद्रयान-3 मिशन 14 जुलाई को चंद्रमा के लिए रवाना हुआ था।

### पाक नागरिक सीमा हैदर से ATS ने की पूछताछ

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर से पूछताछ की, जो मई में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी और अब ग्रेटर नोएडा में अपने भारतीय साथी सचिन मीणा के साथ रह रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एक संदिग्ध एजेंट को पड़ोसी देश में अपने आकाओं को रक्षा प्रतिष्ठानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के आरोप में लखनऊ से गिरफ्तार करने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से पुष्टि की है कि हैदर से एटीएस ने सोमवार को पूछताछ की और स्थानीय पुलिस इसमें शामिल नहीं थी। स्थानीय पुलिस मामले की अलग से जांच कर रही है।

## सोमवती अमावस्या: चार लाख श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी



*हरिद्वार।* सोमवती अमावस्या के स्नान पर्व पर हरिद्वार में सोमवार को चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। हर की पौड़ी सहित हरिद्वार के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दो दिन पहले ही कांवड़ यात्रा संपन्न होने के बाद इस बड़े स्नान पर्व पर जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ और चारों कुम्भ में स्नान करने से ज्यादा पुण्य मिलता है। यह सोमवार श्रावण माह का दूसरा सोमवार भी था। इसलिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ पवित्र स्नान के लिए उमड़ी। फोटो- पीटीआई

### देश में 2,381 करोड़ के मादक पदार्थ किए गए नष्ट

# मादक द्रव्यों के कारोबारियों की संपत्ति जब्त करें : शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मादक द्रव्यों के व्यापार में शामिल लोगों की संपत्ति जब्त करने और उन्हें सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने जैसे कठोर दंड की वकालत करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई मजबूत निवारक के रूप में काम करेगी।

शाह ने यह बात मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर एक सम्मेलन में कही। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में 2,381 करोड़ रुपए मूल्य के 1.40 लाख किलोग्राम (किग्रा) से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट होते देखा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य ऐसा भारत बनाना है जहां एक भी युवा नशे का आदी न हो और इसे हासिल करने के लिए राज्य और केंद्र दोनों को मिलकर काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कठोर सजा एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगी क्योंकि यह एक मजबूत संदेश देगी, उन्होंने कहा कि अवैध दवा व्यापार में शामिल लोगों की संपत्ति की जब्ती बढ़ाई जानी चाहिए।

शाह ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने या उनका बहिष्कार करने से अन्य लोग मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल होने से हतोत्साहित होंगे। हमें संपत्तियों को जब्त करने की दिशा में बेरहमी से आगे बढ़ने की ज़रूरत है।

शाह ने कहा कि राज्यों को वित्तीय जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ सहयोग करना चाहिए और मामलों को ईडी को भेजना चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक हम स्वापक पदार्थों के तस्करों की वित्तीय जांच नहीं करेंगे और उनकी हित श्रृंखला को नहीं तोड़ेंगे, तब तक हमारा अभियान सफल नहीं होगा।

हमारा दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए कि जो लोग मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं उन्हें पीड़ित माना जाना चाहिए, जबकि जो लोग इस व्यापार में संलग्न हैं उन्हें अपराधी के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए।

शाह ने कहा कि जब तक मादक पदार्थ तस्करों की वित्तीय लेनदेन की श्रृंखला नहीं टूटेगी, तब तक मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई पूरी नहीं होगी।





**1 साल...12,000 करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट**

सोमवार को विभिन्न शहरों में मादक पदार्थों को नष्ट किया गया और शाह ने नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इस कार्रवाई को देखा। सर्वाधिक मादक पदार्थ मध्य प्रदेश में नष्ट किए गए। सोमवार की इस कार्रवाई के बाद, मात्र एक साल में नष्ट किए गए नशीले पदार्थों की कुल मात्रा बढ़कर करीब 10 लाख किग्रा हो गई है, जिसकी कीमत 12,000 करोड़ रुपए आंकी गई थी। एनसीबी की क्षेत्रीय इकाइयों और राज्यों के स्वापक पदार्थ रोधी कार्य बलों ने एक जून, 2022 से 15 जुलाई, 2023 के बीच सामूहिक रूप से लगभग 9,580 करोड़ रुपये मूल्य के करीब 8,76,554 किग्रा मादक पदार्थ नष्ट किए, जो निर्धारित लक्ष्य के 11 गुना से भी अधिक है।

### BCI को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

# अदालतों को कामकाज करने से रोकना स्वीकार्य नहीं : SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अदालतों को कामकाज करने से रोकना स्वीकार्य नहीं है और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को एक हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि पिछले एक साल में उच्च न्यायालयों में बार एसोसिएशन के हड़ताल का आह्वान करने पर उसने क्या कार्रवाई की। शीर्ष अदालत ने वकीलों की हड़ताल के खिलाफ अपने आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर गैर सरकारी संगठन 'कॉमन कॉज' द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि असली मुद्दा यह है कि अदालतों के कामकाज में व्यवधान नहीं डाला जाना चाहिए।

न्यायाधीश एस के कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि अदालतें कामकाज करना बंद नहीं कर सकतीं। बड़ी संख्या में मामले लंबित रहने के कारण आरोपियों को जमानत नहीं मिल पा रही है। जब कामकाज नहीं हो पाता है, तब अदालतों के लिए इसे समायोजित करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

### अध्यादेश का मामला: संविधान पीठ को भेजे जाने का संकेत

**नई दिल्ली।सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को संकेत दिया कि वह सेवाओं पर नियंत्रण पर केंद्र के हालिया अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका को फैसले के लिए संविधान पीठ को भेजने पर विचार कर रहा है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी अध्यादेश पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार करते हुए याचिका पर केंद्र और उपराज्यपाल को नोटिस जारी किया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी. एस. नरसिम्हा और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में संकेत दिया कि अध्यादेश क्योंकि अनुच्छेद 239एए का सहारा लेकर जारी किया गया था, इसलिए यदि मामले का फैसला संविधान पीठ द्वारा किया जाता है तो यह उपयुक्त होगा।

### 'बैस्टिल डे' परेड: सैन्य दस्ता सम्मानित



*नई दिल्ली।* सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने पिछले सप्ताह फ्रांस में बैस्टिल दिवस परेड में भाग लेने वाली सेना के तीनों अंगों की टुकड़ी के सदस्यों को सोमवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। जनरल पांडे ने टुकड़ी के सदस्यों को सम्मानित करने के बाद विजेता ट्रॉफी सौंपी।

**नीति आयोग की रिपोर्ट में दावा**

# 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, राजस्थान में भी आई गिरावट

- 2015-16 से 2019-21 के बीच के पांच साल का आकलन
- ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर सुधार



**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। नीति आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा तथा राजस्थान में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबों की संख्या में उल्लेखनीय रूप से 9.89 प्रतिशत अंक की कमी आई है। यह 2015-16 में 24.85 प्रतिशत थी और 2019-21 में कम होकर 14.96 प्रतिशत पर आ गई। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक कमी आई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत पर आ गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 8.65 प्रतिशत से घटकर 5.27 प्रतिशत रह गई है। नीति अयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने सोमवार को आयोग की राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति संबंधी समीक्षा 2023 रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार सरकार के स्वच्छता, पोषण, रसोई गैस, वित्तीय समावेशन, पेयजल और बिजली तक पहुंच में सुधार पर ध्यान देने से इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एमपीआई के सभी 12 मापदंडों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पोषण अभियान व एनीमिया मुक्त भारत जैसी योजनाओं ने स्वास्थ्य के मोर्चे पर कमियों को दूर करने में योगदान दिया है।

**यह कहता है संयुक्त राष्ट्र**

ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (पीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से जारी वैश्विक एमपीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार 2005-06 से 2019-21 तक केवल 15 साल में भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले।

**इस आधार पर होता है मूल्यांकन**

राष्ट्रीय एमपीआई (बहुआयामी गरीबी सूचकांक) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर के तीन समान रूप से भारित आयामों में आभावों को मापता है। इन्हें 12 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से जुड़े संकेतकों से दर्शाया गया है। नीति आयोग के अनुसार सभी 12 मापदंडों में सुधार हुआ है।

**भारत लक्ष्य की दिशा में बढ़ रहा है आगे**

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. वी. आर. सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत 2023 की निर्धारित समयसीमा की तुलना से काफी पहले सतत विकास लक्ष्य 1.2 (बहुआयामी गरीबी को कम से कम आधा घटाने के लक्ष्य) को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है।

### अब थार कहानियों से ऊंचाइयां पाएगा राजस्थानी सिनेमा

# जयपुर में एकत्र होंगे 150 से ज्यादा कलाकार और तकनीशियन

**बेधड़क.जयपुर।** सिने प्रेमियों ने पिछले दिनों एक पंजाबी मूवी को 100 करोड़ क्लब के करीब पहुंचाया। इससे पहले भी पंजाब, गुजरात, भोजपुरी, मराठी और बंगाली सिनेमा की मूवीज करोड़ों के बजट तक पहुंच चुकी है। ऐसे में राजस्थानी सिनेमा को ऐसी ही उपलब्धि दिलाने और उसका स्तर उच्च करने के लिए अब प्रदेश के निर्माता-निर्देशक और कलाकार नए कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे हैं। अब जयपुर के मंच पर 150 कलाकार और तकनीशियंस एक साथ होंगे। गौरतलब है राजस्थानी सिनेमा देश के अन्य प्रादेशिक सिनेमा को कंटेंट और डायरेक्शन आदि में तो टक्कर देता है, लेकिन बावजूद इसके यहां की मूवीज बड़ा कलेक्शन नहीं कर पाती हैं। इसके पीछे विशेषज्ञ अपनों की ही उदासीनता को कारण मानते हैं। ये ही कारण है कि अब निर्माता-निर्देशक लखविंदर सिंह और एन के मित्तल एक नया कॉन्सेप्ट लेकर आए हैं। थार कहानियां प्रिव्यू नाम से कॉन्सेप्ट हैं, जिससे प्रदेश के सिनेमा को नई ऊंचाई दी जाएगी।



#### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा प्रिव्यू

प्रिव्यू राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दोपहर 1 बजे से वहां राजस्थानी सिनेमा के निर्माता-निर्देशकों के साथ कलाकार एक मंच पर होंगे और करीब 13 शॉर्ट मूवीज की स्क्रीनिंग की जाएगी।







#### पहली बार होगा ऐसा आयोजन

राजस्थानी सिनेमा निर्माता-निर्देशक लखविंदर सिंह और एन के मित्तल ने बताया कि राजस्थानी सिनेमा में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि एक साथ इतने लोग और उनका क्रिएशन एक मंच पर प्रस्तुत होगा। एनके मित्तल फिल्म्स और एलएस फिल्म्स के बैनर तले थार की कहानियों को अनूठे रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

## महिलाओं ने मनाया वन सोमवार



**बेधड़क. जयपुर।** सृष्टि महिला मंच द्वारा सावन का वन सोमवार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने रंग बिरंगे लहरिया पहनकर सावन के गीतों पर नृत्य किया और कई खेलों का आनंद लिया।

## पार्क का निर्माण कार्य शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** जेडीए द्वारा निर्माण नगर-ई निवासियों के लिए पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। विकास समिति अध्यक्ष विमल जैन ने बताया कि कई वर्षों से कॉलोनी वालों की पार्क निर्माण की मांग थी। पार्क होने से आमजन को इसका लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर विकास समिति अध्यक्ष विमल जैन, सचिव विजय शर्मा, संरक्षक रामरतन, सुतीक्षण भारद्वाज, अमित भट्ट, सुरेश यादव, अभिनव पाठक, दिनेश टाक, सौरव सैनी सावंत सिंह राठौड़, विजयलक्ष्मी भट्ट आदि उपस्थित रहे ।

## कांवड़ियों का किया स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** श्री शिव श्याम सेवा समिति बेगस द्वारा 17वीं पदयात्रा गलता तीर्थ से रवाना हुई। इस दौरान जगह-जगह कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही झोटवाड़ा के प्रमुख समाज सेवी आशु सिंह सुरपुरा, सरपंच और वार्ड पंचों ने मिलकर कावड़ियों का माला पहना कर स्वागत किया। कावड़ यात्रा के दौरान राजेश सैन, राजेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, श्रीराम यादव, विक्की मोदी, शंकर जांगिड़,शैलेंद्र गुप्ता, सुनील सिरोहिया, गोविंद जांगिड़,रामफूल आदि मौजूद रहे। ग्राम बेगस में कांवड़ यात्रा के पहुंचने पर ग्राम वासियों ने यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## City इवेंट्स

### स्पेशल बच्चों की डांस मुद्राओं से मंच शोभित



**बेधड़क. जयपुर।** स्पेशली एबल्ड बच्चों ने जब जयपुर के मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी तो हर कोई रोमांचित हो उठा। बच्चों ने नृत्य व योग मुद्राओं से आकर्षित किया। मौका था जवाहर कला केंद्र व प्रयास इंस्टीट्यूट की ओर से स्पेशली एबल्ड बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति का। साथ ही प्रोग्राम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जो पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। शिक्षकों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के पुरस्कार दिए गए। बच्चों ने राजस्थानी व फिल्मी गीतों पर डांस परफॉर्मेंस देकर खुशियों के रंग बिखेरे। यहीं बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई।

### काकुल सेठी फ्रेंच ओलंपियाड में प्रथम

**बेधड़क. जयपुर।** शहर की काकुल सेठी ने फ्रेंच ओलंपियाड कॉम्पिटिशन में इंडिया में टॉप किया। प्रताप नगर निवासी काकुल 11वीं कक्षा की छात्रा हैं और साल 2022 में ऑनलाइन प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था। प्रतियोगिता में फ्रेंच भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। उनको प्रथम आने पर सर्टिफिकेट और पुरस्कार राशि प्रदान की गई।




### दिल्ली में होगा शाह का 'अंडर दी मास्क'



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर का हुनर देश की राजधानी दिल्ली में आकर्षित करेगा। क्योंकि गुलाबी नगरी के शिल्पकार व चित्रकार हिम्मत शाह की कलाकृतियां वहां प्रदर्शित की जाएंगी। जयपुर सेंटर ऑफ आर्ट एंड कल्चर (जेसीसीए) और आर्ट मैग्नम गैलरी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली प्रदर्शनी 21 से 24 जुलाई तक बीकानेर हाउस (सीसीए बिल्डिंग) में तो 28 जुलाई से 14 अगस्त तक आर्ट मैग्नम में जारी रहेगी। इस दौरान शाह के नवीनतम पेंटिंग्स कलेक्शन 'अंडर दी मास्क' को प्रदर्शित किया जाएगा। फोटोग्राफर पद्मश्री रघु राय भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा होंगे। राय ने हिम्मत की जीवन यात्रा को जिन तस्वीरों में कैद किया है वे देखने को मिलेगी।

### 44वें स्थापना दिवस पर 44 दीपक से की आरती

## गाजे-बाजे से निकली शोभा यात्रा, जगह-जगह स्वागत



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर के त्रि-दिवसीय वार्षिक उत्सव के अंतिम दिन भगवान नेमिनाथ के अभिषेक व वार्षिक शांतिधारा, ध्वजा रोहण शोभा यात्रा, पूजन सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में हुए। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि तीन वेदियों पर प्रथम अभिषेक अरविंद बेला साखूनिया, महावीर पाटनी व चंद्र प्रभा शाह परिवार ने किए।

विश्व शांति के लिए बीजाक्षर युक्त वृहत वार्षिक शांतिधारा का सौभाग्य शिखर चंद किरण जैन परिवार को मिला। ध्वजारोहण और झंडारोहण का सौभाग्य केसर देवी नवीन राकेश मित्रपुरा वालों को मिला।

इससे पहले गाजे-बाजे के साथ घोड़ी पर जैन ध्वज के पीछे पुरुष व महिलाओं की लंबी लाइन के साथ धर्म प्रभावना करते हुए आदिनाथ चैत्यालय ज्योतिनगर से नेमिनाथ की शोभा यात्रा जनकपुरी मन्दिर जी पहुंची, जहां मंदिर की ओर से भक्ति में नाचते-गाते महिलाओं ने जुलूस का स्वागत किया।

#### श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद

पूजन में कमल बाबू जैन, मनीष बैद, अनिल जैन आईपीएस, भागचंद मित्रपुरा, सुनील बज, सुनील पहाड़िया, पंकज लुहाड़िया, कैलाश छाबड़ा, राजा बाबू गोधा, हर्षित जैन, मुकेश, सुरेश बज, जितेंद्र जैन, एनके सेठी, कमल जैन आदि ने आर्यिका को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त लिया। 44वें स्थापना दिवस पर 44 दीपक से समाज के साथ नेमिनाथ की आरती की। विशेष मति माताजी ने कहा, कि भगवान महावीर ने जिओ और जीने दो का उपदेश दिया जिसका अर्थ स्वयं भी जिओ और दूसरे को भी जीने दो है।

### डॉक्टरों की गायन प्रतियोगिता 21 जुलाई से

## एसबीआई डीएमपीएल सीजन-2 के पोस्टर का किया विमोचन




**बेधड़क | जयपुर**

मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 21 से 23 जुलाई तक चिकित्सकों के लिए गायन प्रतियोगिता एसबीआई डीएमपीएल द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए ऑक्शन के माध्यम से आठ फ्रेंचाइजी-हॉस्पिटल्स ने अपनी टीमें बना ली हैं। प्रत्येक टीम अब प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए अभ्यासरत है।

सोमवार को प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. वाइस चांसलर डॉ. अमरजीत मेहता, आयोजन सचिव डॉ.अनिल यादव, चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज, एसबीआई आरयूएचएस के ब्रांच मैनेजर बालकृष्ण झा, आरके दुलारा मौजूद रहे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में हेमंत भट्ट, उमा, भारत पटेल और दीपक माथुर जूरी के रूप में मौजूद रहेंगे और गीतकार चिकित्सकों के गायन कौशल की समीक्षा करेंगे। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक ने बताया कि प्रतियोगिता में स्वर बैंड गुलाम द्वारा गीतकारों को संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

### इंडिया किड्स फैशन वॉक सीजन-6 का समापन

**बेधड़क.जयपुर।** रैंप पर जूनियर मॉडल आए तो प्रोफेशन मॉडल्स भी उनकी वॉक को देखकर रोमांचित हो गए। सीनियर्स ने उनका उत्साह तालियों और हूटिंग से बढ़ाया। ये अनूठा नजारा था पिंक कॉन्सेप्ट्स और वैश्वी मल्टीवेंचर्स की ओर से द पैलेस बाय पार्क ज्वैल्स होटल्स एंड रिजॉर्ट्स में हुए इण्डिया किड्स फैशन वॉक सीजन-6 का, जिसमें नन्हें मॉडल्स ने कैटवॉक के साथ चुलबुली और नटखट अदाओं से दिल जीत लिया।

**आयोजन** श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति के तत्वावधान में श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह

## गुलाबी नगरी में 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**बेधड़क | जयपुर**

श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति के तत्वावधान में श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। गजराज कलश यात्रा की अगुवाई कर रहे थे।

यात्रा में 501 महिलाएं चुनरी की लाल रंग की साड़ी में गंगाजल कलश धारण किए चल रही थीं। पुरुषों ने गुलाबी रंग की पगड़ी और धोती कुर्ता पहना हुआ था। 108 विद्वान ब्राह्मण पीत वर्ण की पोशाक में श्रीमद्भागवत पुराण की पोती धारण किए हुए चल रहे थे। नासिक से आए ढोल वालों ने जोरदार ढोल बजाकर सभी को आनंदित कर दिया। शहर का प्रमुख बैंड राधे कृष्ण राधे कृष्ण जैसे भजनों की स्वर लहरियां बिखेर रहा था। कलश यात्रा में जहां श्रीनाथ जी की सुंदर तस्वीर बग्गी में सुशोभित थी, वहीं दूसरी बग्गी में कथा व्यास सुरेश शास्त्री विराजमान थे। यात्रा तिलक नगर स्थित मंडलेश्वर महादेव मंदिर से आरंभ होकर वैष्णो देवी मंदिर पंचवटी होती कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान कई स्थानों पर यात्रा का कर स्वागत किया गया।



#### आज से शुरू होगी कथा

श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मंगलवार दोपहर 3:30 बजे कथा आरंभ होगी। प्रथम दिवस महात्मा कथा प्रथम स्कंध अधिकार लीला कुंती श्रुति और भीष्म स्तुति की कथा का व्याख्यान व्यासपीठ से होगा।





### मिस्र: काहिरा के पड़ोसी शहर हदाक अल-कुब्बा में पांच मंजिला रिहायशी इमारत ढही

# नौ लोगों की मौत... चार लोग गंभीर घायल





**एजेंसी** | काहिरा

मिस्र की राजधानी काहिरा में सोमवार को पांच मंजिला एक रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक घटनास्थल पर बचावकर्मियों ने इमारत के मलबे में तलाशी शुरू कर दी है।

मिस्र में इमारतों का ढहना आम बात है, जहां झुग्गी-झोंपड़ी वाले इलाकों, गरीब शहरी इलाकों और ग्रामीण इलाकों में घटिया स्तर का निर्माण और रखरखाव की कमी व्यापक रूप से मिलती है। मिस्र की सरकारी समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक बचाव दल ने काहिरा के पड़ोसी शहर हदाक अल-कुब्बा में इमारत के मलबे के नीचे से नौ शव बरामद किए। हादसे की जगह शहर के केंद्र से लगभग 3.2 किलोमीटर दूर है। एजेंसी ने कहा कि जीवित बचे चार गंभीर घायलों को भी अस्पताल ले जाया गया और अधिकारियों ने पड़ोस की इमारत को खाली करा लिया।

मिस्र के सामाजिक एकजुटता मंत्रालय ने कहा कि वह इस हादसे में मारे गए नौ पीड़ितों के परिवारों को 60,000 मिस्र पाउंड (लगभग 1,940 अमेरिकी डॉलर) की सहायता राशि देगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह घायलों को सहायता पहुंचाएगा और आस-पास की संपत्तियों को हुए नुकसान की निगरानी कर रहा है। स्थानीय खबरों के अनुसार पुलिस बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और बचाव दल संभावित जीवित बचे लोगों की तलाश में मलबे की तलाशी ले रहे हैं। इमारत ढहने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

## दक्षिण कोरिया में बाढ़: मृतक संख्या हुई 40



**सियोल।** दक्षिण कोरिया में सोमवार को नौवें दिन बारिश का कहर जारी है, करीब 40 लोगों की मौत हो गई है और बचावकर्मी भूस्खलन, तबाह मकानों और मलबे के ढेर में लोगों की तलाश कर रहे हैं। देश में 9 जुलाई से बारिश से हो रही है।

बारिश के कारण भूस्खलन तथा अन्य घटनाओं में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है, 34 घायल हुए हैं और 10,000 लोगों को घर-बार छोड़ कर सुरक्षित स्थानों कर जाना पड़ा है। बारिश का सर्वाधिक असर दक्षिण कोरिया के मध्य तथा दक्षिणी इलाकों में पड़ा है।

### पोलैंड और लिथुआनिया पर 'हमला' करेगा रूस

# होगा तीसरा विश्वयुद्ध!

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस ने अब एक ऐसा बयान दिया है, जो दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध की ओर ले जाने के लिए काफी है। रूस ने वैगरन ग्रुप के जरिए पोलैंड और लिथुआनिया पर हमला करने की चेतावनी दी है। ये दोनों देश दुनिया के सबसे बड़े सैन्य संगठन नाटो के सबसे कमजोर लिंक माने जाते हैं। ऐसा इसलिए कि ये रूस के करीब हैं।

पुतिन के एक करीबी सांसद ने रूस के सरकारी टेलीविजन पर कहा कि बेलारूस में तैनात भाड़े के सैनिकों का समूह वैगनर कुछ ही घंटों में नाटो के मजबूत रास्ते सुवालकी कॉरिडोर पर हमला कर सकता है। सुवालकी कॉरिडोर या गैप पोलैंड और लिथुआनिया की सीमा पर मौजूद 96 किमी की पट्टी है। रूसी सांसद ने इसी पर हमले की धमकी दी है। नाटो और यूरोपीय संघ के साथ-साथ रूस के लिए भी इसका बड़ा रणनीतिक महत्व है। पश्चिम के लिए यह एकमात्र जमीनी रास्ता है जिसके जरिए लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया तक जाया जा सकता है।



#### एक स्ट्राइक फोर्स तैयार

कार्तपोलोव ने आगे दावा किया कि बेलारूस में वैगनर आर्मी की एक स्ट्राइक फोर्स तैयार है, जो घंटे भर के अंदर इस कॉरिडोर को कब्जाने के लिए तैयार है। जमीन कब्जाने की योजना को 'शॉक फिस्ट' नाम दिया है। इस कॉरिडोर पर कब्जा तीसरे विश्वयुद्ध का कारण बन सकता है, जिसकी वजह से इसे दुनिया की सबसे खतरनाक जगह माना जाता है। अगर रूस ऐसा कोई भी हमला करता है, तो इसके जरिए नाटो का आर्टिकल पांच ट्रिगर करेगा, जिसके तहत नाटो सदस्य मिलकर रूस पर हमला करेंगे।

#### कॉरिडोर पर कंट्रोल क्यों है जरूरी!

इस कॉरिडोर पर अगर रूस नियंत्रण कर लेता है तो उसे कलिनिनग्राद के बाल्टिक एक्सक्लेव तक बेलारूस से सीधा जमीनी मार्ग मिल जाएगा। इसके जरिए रूस की मुख्य जमीन बेलारूस के रास्ते होते हुए बाल्टिक सागर तक जुड़ सकेगी। रिजर्विस्ट कर्नल जनरल एंड्री कार्तपोलोव जो अब एक सांसद हैं ने सरकारी टेलीविजन पर कहा, 'यह बात साफ है कि वैगनर आर्मी बेलारूसी सैनिकों को प्रशिक्षित करने के लिए बेलारूस गए हैं। इसी के करीब सुवालकी कॉरिडोर नाम की एक जगह है। अगर कुछ होता है तो यह हमारे लिए बेहद जरूरी है।'

### मास्टरकार्ड में इन्क्लूसिव ग्रोथ सेंटर की संस्थापक व अध्यक्ष हैं शमीना सिंह

# बाइडेन ने दी निर्यात परिषद में नियुक्ति

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक शमीना सिंह को राष्ट्रपति की निर्यात परिषद में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह परिषद अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर एक प्रमुख राष्ट्रीय सलाहकार के रूप में काम करती है। शमीना सिंह मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ की संस्थापक और अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वह इस परिषद में शामिल होने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। व्हाइट हाउस की ओर से 14 जुलाई का जारी बयान में कहा गया है कि बाइडेन ने सिंह को एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए नियुक्त करने की घोषणा की है। सिंह मास्टरकार्ड की प्रबंधन समिति की सदस्य भी हैं। बाइडेन प्रशासन में बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग कार्यरत हैं।

#### शमीना ने क्या कहा



1 जुलाई को, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शमीना सिंह को मुख्य भूमिका में नियुक्त करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। शमीना सिंह ने कहा, "राष्ट्रपति की निर्यात परिषद बनाने वाले सम्मानित नेताओं के समूह में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं।"

## तूफान: हांगकांग में स्कूल व शेयर बाजार बंद

**हांगकांग।** हांगकांग में 'तालीम' तूफान के कारण सोमवार को स्कूल और शेयर बाजार बंद रहे। हांगकांग में बारिश और तेज हवाएं चलने के बीच 100 से अधिक लोगों ने अस्थाई राहत केंद्रों में शरण ली। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि 16 उड़ान रद्द कर दी। हांगकांग वेधशाला ने रविवार देर रात 12 बजकर 40 मिनट पर 'संख्या आठ तूफान संकेत' दिया, जो शहर की मौसम प्रणाली के तहत तीसरी सबसे गंभीर चेतावनी है।

### कंपनी ने देर रात तक काम पर लगा दी रोक

# बढ़ी जन्मदर, कंपनी बनी मिसाल

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में घटती आबादी के बीच लिए जन्मदर बढ़ाने के लिए सरकार खूब कोशिश कर रही है। इस बीच एक जापानी कंपनी के फैसले ने देश की आबादी बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। इस कंपनी का नाम है इटोचू कॉर्प, जिसके सीईओ हैं, मासाहिरो ओकाफुजी।




साल 2010 में कंपनी का सीईओ बनने के बाद ओकाफुजी ने रात आठ बजे के बाद कर्मचारियों के ऑफिस में काम करने पर रोक लगा दी। साथ ही, बहुत रेयर हालात न होने पर ओवरटाइम पर भी रोक लगा दी। कर्मचारियों को सुबह जल्दी आने के लिए कहा जाता था और बदले में उन्हें अधिक पैसे मिलते थे। एक दशक के बाद न सिर्फ कंपनी का बिजनेस बढ़ गया, बल्कि अधिकारी यह जानकर भी हैरान हुए कि अधिक महिला कर्मचारियों ने मैटर्निटी लीव ली और बच्चे पैदा किए। अपने इस फैसले के बाद यह ट्रेडिंग हाउस घटती जनसंख्या दर से जूझ रहे जापान के लिए एक मिसाल बन गया है। जापानी सरकार भी लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करने में जुटी है।

### चंद्रयान का सफर

# क्यों लगते हैं चार की बजाय 42 दिन!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

धरती से चांद की 3.83 लाख किमी दूरी सिर्फ चार दिन में पूरी हो सकती है। किसी भी अंतरिक्ष यान को सीधे नहीं भेज कर क्यों उसे धरती के चारों तरफ चक्कर लगाने के लिए छोड़ दिया जाता है? नासा अपने यान को चंद्रमा पर करीब चार दिन में पहुंचा देता है, लेकिन इसरो क्यों 40-42 दिन लेता है? वजह दो है। पहली ये कि धरती के चारों तरफ घुमाकर यान अंतरिक्ष में भेजने की प्रक्रिया सस्ती पड़ती है। नासा की तुलना में इसरो के प्रोजेक्ट सस्ते होते हैं और मकसद भी पूरा हो जाता है। दूसरा कारण है यान को धरती की गति और ग्रैविटी का फायदा मिलना।




#### लागत में बड़ा अंतर

साल 2010 में चीन का चांगई-2 चार दिन में चांद पर पहुंच गया था। सोवियत संघ का लूना-1 सिर्फ 36 घंटे में चांद तक पहुंच गया था। वहीं, अमेरिका का अपोलो-11 तीन एस्ट्रोनॉट्स को लेकर करीब साढ़े चार दिन में पहुंच गया था। चीन के मिशन की लागत थी 1026 करोड़ रुपए. स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट की लॉन्चिंग की कीमत 550 करोड़ से लेकर 1000 करोड़ तक होती है, जबकि इसरो के रॉकेट की लॉन्चिंग कीमत 150 से 450 करोड़ तक ही होती है।

#### ग्रैविटी का फायदा उठाता है रॉकेट

रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजने के लिए जरूरी है कि उसे धरती की गति और ग्रैविटी का लाभ दिया जाए। धरती की दिशा में उसकी गति के साथ तालमेल बिठाकर उसके चारों तरफ चक्कर लगाने से ग्रैविटी पुल कम हो जाता है। ऐसे में यान के गिरने का खतरा कम हो जाता है। धरती अपनी धुरी पर करीब 1600 किमी प्रतिघंटा की गति से घूमती है। इसका फायदा रॉकेट या अंतरिक्ष यान को मिलता है। वह धरती के चारों तरफ घूमते हुए बार-बार ऑर्बिट मैन्यूवरिंग करता है यानी अपनी कक्षा बदलता है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl